दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 185 जयपुर, शुक्रवार, 14 जून, 2024 | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष- अष्टमी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### NSA पद पर बने रहेंगे डोभाल, मिश्रा का कार्यकाल बढ़ा



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल को फिर से नियुक्ति मिल गई है। इसके अलावा पीएम नरेंद्र मोदी के प्रमुख सचिव पीके मिश्रा को भी सेवा विस्तार मिल गया है। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने इन दोनों पद पर सेवा विस्तार को मंजूरी दी है। अब अजित डोभाल अगले 5 और सालों तक राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के पद पर बने रहेंगे। उन्हें कैबिनेट रैंक के अफसर का दर्जा मिला हुआ है, जो पहले की तरह ही बरकरार रहेगा। वहीं कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने डॉ. पीके मिश्रा को प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव के रूप में नियुक्त किया है। पीके मिश्रा का पूरा नाम प्रमोद कुमार मिश्रा है। पीके मिश्रा गुजरात कैडर के 1972 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। 2001-2004 के दौरान मिश्रा ने नरेंद्र मोदी के प्रधान सचिव के रूप में भी काम किया है, जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे।

### जैसलमेर पहुंचे उप राष्ट्रपति... तनोट माता के किए दर्शन



**जयपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गुरुवार को अपने दो दिवसीय दौरे पर जैसलमेर पहुंचे। दिल्ली से विशेष विमान से वे गुरुवार दोपहर करीब दो बजे वायुसेना स्टेशन पहुंचे। उनके साथ उनकी धर्मपत्नी भी साथ रहीं। जैसलमेर आगमन पर प्रदेश सरकार के विधि और न्याय मंत्री जोगाराम पटेल, नगर परिषद सभापति हरि वल्लभ कला, संभागीय आयुक्त बीएल मेहरा, आईजी पुलिस जोधपुर रेंज विकास कुमार और सीमा सुरक्षा बल के उच्चाधिकारियों ने स्वागत सत्कार किया। उप राष्ट्रपति वायुसेना स्टेशन से हेलिकाप्टर द्वारा भारत-पाक बॉर्डर स्थित तनोट माता मंदिर गए, जहां उन्होंने पत्नी के साथ पूजा-अर्चना की। **पेज 2 भी देखें**

## ये भी देखें...

EHCC में बिना पंजीयन चल रहा रिसा IVF सेंटर ब्लैकलिस्ट
पेज-3

**NEET 2024: ग्रेस मार्क्स मामले में केंद्र सरकार ने पेश किया जवाब... 30 जून से पहले आएगा 1563 कैंडिडेट्स का परिणाम**

# नीट मामले में SC बड़ा फैसला, 23 जून को दोबारा होगी परीक्षा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

नीट परीक्षा में कथित धांधली को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिकाओं पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान ग्रेस मार्क्स मामले में एनटीए ने कोर्ट को बताया कि 1,563 उम्मीदवारों के लिए 23 जून को दोबारा परीक्षा होगी। 30 जून से पहले परिणाम घोषित किए जाएंगे। इसके साथ ही कोर्ट को बताया गया कि ग्रेस मार्क्स पाने वाले छात्रों के रिजल्ट रद्द कर दिए गए हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को NEET-UG 2024 में ग्रेस मार्क्स देने को चुनौती देने वाली याचिका पर जस्टिस विक्रम नाथ की पीठ सुनवाई की। कोर्ट ने 5 मई को हुई परीक्षा के दौरान समय की हानि यानि कि लॉस ऑफ टाइम के कारण 1,563 उम्मीदवारों को फिर से परीक्षा देने का विकल्प देने की केंद्र सरकार की सिफारिश को स्वीकार कर लिया। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया था कि एनटीए की काउंसलिंग नहीं रोकी जाएगी और री-एग्जाम भी नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट ने NTA (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) को 23 जून को री-एग्जाम आयोजित करने की अनुमति दी है। जो छात्र री-एग्जाम देना चाहेंगे, उनके पुराने स्कोरकार्ड रद्द कर दिए जाएंगे। वहीं, जो छात्र री-एग्जाम नहीं देना चाहते, उनके पुराने स्कोरकार्ड (ग्रेस मार्क्स के बिना) को मान्य माना जाएगा।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर शिक्षा मंत्री ने दिया बयान

NEET-UG 2024 परीक्षा पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि मैं छात्रों और उनके अभिभावकों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि भारत सरकार और NTA उन्हें न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। 24 लाख छात्रों ने सफलतापूर्वक NEET परीक्षा दी है। उन्होंने कहा कि कोई पेपर लीक नहीं हुआ है। अभी तक कोई सबूत नहीं मिला है। लगभग 1560 छात्रों के लिए अदालत द्वारा अनुशंसित मॉडल अपनाया गया था और इसके लिए शिक्षाविदों का एक पैनल बनाया गया है। हम अदालत के फैसले को स्वीकार करेंगे।



### परिणाम और काउंसलिंग

NTA ने बताया कि री-एग्जाम के परिणाम 30 जून से पहले घोषित किए जाएंगे ताकि 6 जुलाई से शुरू होने वाली काउंसलिंग प्रक्रिया में कोई देरी न हो। यह कदम छात्रों की सुविधा और परीक्षा की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।

### गड़बड़ियों की जांच

सुप्रीम कोर्ट ने NEET परीक्षा में कथित गड़बड़ियों को उठाने वाली अन्य याचिकाओं पर भी नोटिस जारी किया है। इन याचिकाओं को 8 जुलाई को आने वाली सुनवाई के साथ जोड़ा गया है। इनमें से एक याचिका फिजिक्सवाला के सीईओ अलख पांडे द्वारा दायर की गई है।

**टोडाभीम में कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम व किसान सम्मेलन में बोले मुख्यमंत्री भजनलाल**

# समृद्ध और खुशहाल किसान के लिए सरकार प्रतिबद्ध

■ **कर्नल बैंसला के नाम बनेगा एजुकेशन इंस्टीट्यूट**

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य सरकार को किसानों को सशक्त बनाने के लिए संकल्पित बताते हुए कहा है कि वह और केंद्र सरकार विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं नीतिगत निर्णयों के माध्यम से किसानों को आर्थिक संबल प्रदान कर रही है। सीएम शर्मा गुरुवार को टोडाभीम के मूंडिया में कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम एवं किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कर्नल बैंसला ने अपना पूरा जीवन देश एवं समाज की सेवा में समर्पित किया। उनके जीवन से युवाओं को राष्ट्र को प्रथम मानकर देश-सेवा और सेना में भर्ती होने के लिए प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समृद्ध एवं खुशहाल किसान की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मूंडिया प्राथमिक



स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत करने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने कहा कि कर्नल बैंसला के स्मरण में स्थानीय क्षेत्र की आवश्यकता मद्देनजर उनके नाम से शैक्षणिक संस्थान खोलने पर राज्य सरकार विचार करेगी।

### किसानों को मिल रहा आर्थिक संबल

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सरकार किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कटिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल में सबसे पहले किसान सम्मान निधि की 17वीं किश्त जारी की। राज्य सरकार द्वारा इस योजना के तहत प्रथम चरण में राशि 6 हजार रुपए से बढ़ाकर 8 हजार रुपए की गई है। राज्य सरकार द्वारा गेहूं के एमएसपी पर 125 रुपए बोनस प्रदान कर 2,400 रुपए करना, किसानों को बिजली बिलों में 8 हजार करोड़ रुपए का अनुदान देना, फसली ऋण वितरण योजनांतर्गत 10 हजार करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त फसली ऋण उपलब्ध करवाने, 41 हजार 137 नवीन कृषकों को ऋण उपलब्ध करवाने जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। समारोह के दौरान गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना, विधायक दर्शन सिंह गुर्जर, पूर्व सांसद रंजीता कोली, विजय बैंसला सहित आमजन मौजूद रहे।

### सुंदरावली में किया शहीद जीतराम गुर्जर की प्रतिमा का अनावरण

सीएम भजनलाल शर्मा गुरुवार को डीग जिले में नगर इलाके के सुंदरावली गांव पहुंचे। यहां उन्होंने पुलवामा में शहीद हुए जीतराम गुर्जर की प्रतिमा का अनावरण किया। साथ ही एक बड़ी जनसभा को संबोधित की। इसके अलावा सीएम ने 132 केवी ग्रिड सब स्टेशन सीकरी का लोकार्पण किया। इस दौरान गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेडम, पूर्व विधायक व भाजपा के नेता सहित आदि लोग मौजूद रहे। जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि जीतराम गुर्जर की प्रतिमा का अनावरण कर स्वयं खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। क्योंकि उन्होंने इस देश के लिए और अपनी मातृभूमि के लिए खुद को समर्पित कर दिया। हमारा राजस्थान वीरों की धरती है, जिसे आन-बान-शान के लिए जाना जाता है। 14 फरवरी, 2019 को पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर हमला कर दिया, जिसमें हमारे देश के 40 जबांज शहीद हुए थे। उसमें से एक जीतराम गुर्जर भी थे, जिन्हें आज भी याद करते हैं तो आंखें नम हो जाती हैं। इस हमले के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से वादा किया था कि देशवासियों के इन आंसुओं का निश्चित रूप से बदला लेंगे, उन्होंने इस वादे को पूरा भी किया।



## बेधड़क मुलाकात...



*सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के फाउंडर एवं एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा की दिल्ली में केंद्रीय कानून और न्याय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुनराम मेघवाल से मुलाकात हुई। हाल ही में अर्जुनराम मेघवाल को मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में बतौर बड़ी जिम्मेदारी मिली है। विनायक शर्मा ने अर्जुनराम मेघवाल को मंत्री बनने पर बधाई दी। यह मुलाकात मेघवाल के दिल्ली स्थित आवास पर हुई।*

**मुख्यमंत्री भजनलाल ने दी मंजूरी**

# बजरी खनन के तीन LOI होंगे जारी

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आरएसएमएमएल को भीलवाड़ा जिले में खनिज बजरी के खनन पट्टों के तीन मंशा पत्र (एलओआई) जारी करने की स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री के इस फैसले से आमजन को खनिज बजरी की सस्ती और निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। यह स्वीकृति राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियम, 2017 के नियम, 84 के अंतर्गत प्रदान की गई है। इस अनुपालना में खान एवं पेट्रोलियम विभाग द्वारा आरएसएमएमएल को भीलवाड़ा की तहसील सवाईपुर के ग्राम सोपुरा, अडसीपुरा, आकोला में 76.77 हेक्टेयर एवं ग्राम आकोला में 96.99 हैक्टेयर और 67.70 हेक्टेयर राजकीय भूमि गैर मुमकिन नदी के खनिज बजरी के ये प्लॉट आवंटित होंगे।

**भीलवाड़ा में नए औद्योगिक क्षेत्र के लिए आवंटित होगी भूमि:** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सौ दिवसीय कार्य योजना के अंतर्गत रीको को भीलवाड़ा जिले में नवीन औद्योगिक क्षेत्र के लिए भूमि आवंटित किए जाने की स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री के इस फैसले से भीलवाड़ा जिले में औद्योगिक विकास को गति मिलेगी और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के पर्याप्त अवसर सृजित होंगे।

### विधानसभा का बजट सत्र तीन जुलाई से, राज्यपाल की मंजूरी

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र 3 जुलाई से शुरू होगा। राज्यपाल कलराज मिश्र ने विधानसभा सत्र बुलाने की मंजूरी दे दी है। राज्यपाल की मंजूरी के बाद अब विधानसभा सचिवालय सत्र बुलाने की अधिसूचना जारी करने के साथ ही विधायकों को इसकी सूचना देगा। यह बजट सत्र महीनेभर तक चलने की संभावना है। इससे पहले भजनलाल सरकार ने फरवरी में चार महीने का लेखानुदान पेश किया था। लेखानुदान अप्रैल से जुलाई तक के खर्चों के लिए पेश किया गया था। अब भजनलाल सरकार बजट सत्र में अपना पहला फुल बजट पेश करेगी। बजट पेश करने की तारीख बाद में तय होगी। 3 जुलाई को विधानसभा में कार्य सलाहकार समिति की बैठक में बजट सत्र का कामकाज तय किया जाएगा।

**पेपरलीक का मास्टरमाइंड**

# ढाका पर स्पेशल एक्ट लगाने की तैयारी में SOG... अरेस्ट से पहले सजा

- IPC की धारा 174ए के तहत केस दर्ज करने पर गिरफ्तारी से पहले हो जाती सजा
- एसओजी ने फरार सुरेश ढाका के खिलाफ कार्रवाई के लिए कोर्ट में पेश की रिपोर्ट
- सुरेश ढाका पर घोषित है सवा लाख रुपए का इनाम

**बेधड़क** | जयपुर

एसओजी ने वरिष्ठ शिक्षक भर्ती का पेपर लीक करने वाले मास्टरमाइंड फरार सुरेश ढाका के खिलाफ स्पेशल एक्ट के तहत कार्रवाई करने की तैयारी कर ली है।

आरोपी ढाका को ढूंढने में नाकाम हुई पुलिस अब उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 174ए के तहत एफआईआर दर्ज करेगी। ऐसे में जब भी आरोपी पुलिस या एसओजी की गिरफ्त में आएगा तो उसको इस धारा के तहत सात साल की सजा काटनी पड़ेगी। इस धारा के तहत आरोपी को बार-बार बुलाने पर भी अनुसंधान में सहयोग या कोर्ट के सामने पेश नहीं होता है तो बिना पक्ष सुने ही सजा सुना दी जाती है। इसके लिए एसओजी ने सुरेश ढाका के खिलाफ सीआरपीसी 82 की कार्रवाई पूरी कर ली है। एसओजी ने सीआरपीसी 83 की रिपोर्ट उदयपुर कोर्ट में पेश कर दी है और अब 174 ए में नई एफआईआर दर्ज करेगी।




### जमानत खारिज, आरोपी के थे राजनीतिक संबंध

सुरेश ढाका ने पेपर लीक मामले में फरार होने के दौरान एक साल पहले उदयपुर कोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी लगाई थी। उसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था। आरोपी ढाका के पिछली कांग्रेस सरकार में कई नेताओं से अच्छे राजनीतिक संबंध थे। ऐसे में तब आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी नहीं हुई थी और वह फरार होने में कामयाब हो गया था। सुरेश ढाका पर सवा लाख रुपए का इनाम घोषित है।

### बस में सॉल्व कराया था जीके का पेपर

दिसंबर 2022 को पेपर सॉल्व करवाते पकड़ा गया सुरेश विश्नोई को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। सुरेश बिश्नोई व सुरेश ढाका आपस में रिश्तेदार है। पुलिस और एसओजी ने माना था कि 24 नवंबर को सीनियर टीचर भर्ती के जीके का पेपर लीक करने का मास्टरमाइंड सुरेश ढाका ही था। एग्जाम शुरू होने से पहले ही परीक्षा का पेपर लीक हो गया था। उदयपुर में 40 स्टूडेंट्स बस में पेपर सॉल्व करते पकड़े गए थे। इसे लेकर अजमेर, उदयपुर, अलवर समेत राज्यभर में छात्रों ने हंगामा और प्रदर्शन किया। इसके बाद एग्जाम शुरू होने से ठीक पहले पेपर कैंसिल कर दिया गया।

## जरूरी खबर

### अभियोजन स्वीकृति के 31 मामलों का किया निस्तारण



**जयपुर।** प्रदेश में सुशासन के बेहतर निर्धारण व राज्यकर्मियों की भूमिका सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य सेवा के अधिकारियों के विरुद्ध लंबित अभियोजन स्वीकृति के 31 विचाराधीन प्रकरणों का निस्तारण किया है। कुल निस्तारित प्रकरणों में से 14 प्रकरणों में अधिकारियों पर लगाए गए आरोप प्रमाणित होने पर सीसीए नियम 16 के अंतर्गत दंडित किया गया, वहीं एक प्रकरण आरोप अप्रमाणित पाए जाने पर समाप्त किया गया। 6 प्रकरणों में सेवानिवृत्त अधिकारियों के विरुद्ध प्रमाणित आरोपों का अनुमोदन किया गया। मुख्यमंत्री शर्मा ने 5 प्रकरणों में अभियोजन स्वीकृति प्रदान की तथा एक प्रकरण में विस्तृत जांच करवाए अनुमति दी।

### सहायक परियोजना अधिकारी को किया निलंबित

**जयपुर।** बांसवाड़ा में टीएडी विभाग की स्वच्छ परियोजना में सहायक परियोजना अधिकारी के रूप में कार्यरत मुकेश पाटीदार को विभाग ने निलंबित कर दिया है। आरोप है कि पाटीदार का बांसवाड़ा से डूंगरपुर ट्रांसफर कर दिया गया था। बावजूद इसके उन्होंने कई संस्थाओं व केंद्रों को 11 लाख से ज्यादा भुगतान कर दिया। इसके लिए उन्होंने कुछ फाइलों को बांसवाड़ा से डूंगरपुर भी मंगवाया था। उदयपुर स्थित स्वच्छ परियोजना निदेशक की ओर से जारी किए गए आदेश में बताया गया है कि वित्तीय गड़बड़ी के चलते सहायक परियोजना अधिकारी मुकेश पाटीदार को निलंबित किया गया है। उनकी ओर से पद का दुरुपयोग करने पर निलंबित किया गया है।

### क्षेत्र के लिए रंग ला रहे विधायक बैरवा के प्रयास



**चाकसू।** क्षेत्र के विकास को लेकर विधायक रामावतार बैरवा के प्रयास रंग ला रहें हैं। विधायक की अनुशंसा पर राज्य सरकार ने विकास कार्यों के लिए 3.36 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की हैं। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष रामधन सैनी ने बताया कि चाकसू के लिए राजकीय विद्यालयों में लेब, उपकरण, लाइब्रेरी, कंप्यूटर रूम, नए भवन निर्माण, शौचालय और पेयजल के लिए राज्य सरकार द्वारा 3.36 करोड़ रुपए की स्वीकृतियां जारी की गईं हैं।

**वन मंत्री संजय शर्मा ने किया बायोलॉजिकल पार्क का आकस्मिक निरीक्षण, खामियां देख लगाई फटकार**

# आमजन की तरह विंडो से लिया टिकट, फिर जांची व्यवस्थाएं

**बेधड़क | जयपुर**

लोकसभा चुनाव संपन्न होने के साथ ही प्रदेश में सरकार अब एक्शन मोड पर आ गई है। इसी कड़ी में गुरुवार को वन मंत्री संजय शर्मा ने नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री को कई खामियां मिली। जिसके तत्काल सुधार के निर्देश जारी किए गए।

गुरुवार दोपहर 1 बजे वन मंत्री संजय शर्मा नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क पहुंचे। उन्होंने वन विभाग के कर्मचारियों को बताए बिना निजी गाड़ी से बायोलॉजिकल पार्क में एंट्री ली। गाड़ी का एंट्री टिकट भी कटवाया। आम पर्यटक की तरह



लाइन में लगकर विंडो से पार्क में विजिट का टिकट लिया। वन मंत्री ने जब पार्क में एंट्री ली, तो वन विभाग के कर्मचारियों की ओर से वहां कोई चेकिंग नहीं की गई। पार्क में काफी अनियमितताएं सामने आईं। इसके बाद वन मंत्री ने आला अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए हैं। यही नहीं, मंत्री ने पार्क में प्लास्टिक पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने और वन्य जीवों को निर्धारित वक्त पर उच्च गुणवत्ता युक्त भोजन देने के आदेश दिए।

### प्लास्टिक का इस्तेमाल रोकने पर हो सख्ती

वन मंत्री को बायोलॉजिकल पार्क में जगह-जगह कचरे का ढेर और प्लास्टिक की बोतल नजर आईं। मंत्री संजय शर्मा वन विभाग के स्टाफ ऑफिस पहुंचे। जहां उन्होंने अटेंडेंस रजिस्टर चेक किया। इसके मिलान में उस वक्त काफी कर्मचारी नदारद मिले। स्टाफ ऑफिस में भी प्रतिबंध के बावजूद प्लास्टिक की बोतल रखी हुई दिखीं। इस पर शर्मा ने आपत्ति दर्ज करते हुए भविष्य में प्लास्टिक बोतल का इस्तेमाल करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही।

### भोजन की गुणवत्ता को जांचा

वन मंत्री बायोलॉजिकल पार्क के निरीक्षण पर निकले, तो दोपहर 1:30 बजे वन्य जीवों को भोजन परोसा जा रहा था। जबकि वन्य जीवों को भोजन परोसने का निर्धारित समय सुबह 11 बजे था। शर्मा ने वन्य जीवों को परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को जांचा। इसमें काफी बदबू आ रही थी। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए संबंधित ठेकेदार के खिलाफ जांच के आदेश दिए। जानवरों को दिया जाने वाला खाना भी खराब क्वालिटी का मिला। इसके बाद वन मंत्री ने अतिरिक्त मुख्य सचिव को पत्र लिख नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में मिली अनियमितताओं पर नाराजगी जाहिर की है। इसके साथ ही दोषी अधिकारियों के खिलाफ जांच के आदेश भी दिए हैं। वन मंत्री संजय शर्मा ने नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में मौजूद पर्यटकों से उनकी समस्याओं को सुना।

**उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने BSF जवानों से मुलाकात में कहा...**

# देश के प्रति सैनिकों का त्याग और प्रेम वंदनीय... किया नमन

**बेधड़क | जयपुर**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अपनी धर्मपत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ के साथ गुरुवार को दो दिवसीय दौरे पर जैसलमेर पहुंचे। जैसलमेर से उपराष्ट्रपति हेलीकॉप्टर द्वारा तनोट माता के मंदिर में पहुंचे जहां सीमा सुरक्षा बल के जवानों द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

उपराष्ट्रपति धनखड़ एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ ने तनोट माता के दर्शन कर पूजा अर्चना की और देशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। दर्शन के उपरांत एक ट्वीट कर उपराष्ट्रपति ने कहा कि जैसलमेर में लोंगेवाला के समीप तनोट माता मंदिर में दर्शन का सौभाग्य मिला।

मां के श्री चरणों में शीश झुका कर धन्य हुआ।' यह दिव्य मंदिर विषम परिस्थितियों में देश की रक्षा में तैनात जवानों की अटूट श्रद्धा का केंद्र है। तनोट माता से प्रार्थना है कि समस्त देशवासियों को सुख, समृद्धि और खुशहाली दें, सबकी मनोकामनाएं पूर्ण करें। तनोट आगमन पर उप राष्ट्रपति का जैसलमेर जिला प्रमुख प्रताप सिंह सोलंकी, जिला कलेक्टर प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी समेत सीमा सुरक्षा बल के उच्चाधिकारियों ने स्वागत किया।



### सैनिक स्कूल का छात्र रहा, इसलिए लगाव

उपराष्ट्रपति ने कहा कि मैं सैनिक स्कूल का स्टूडेंट रहा हूँ, इसलिए भी आपसे बेहद लगाव है। जब मैंने यहाँ बच्चियों को देखा, तो कभी नहीं सोचा था कि हमारी बेटियां इतना उत्कृष्ट काम करेंगी। बेटियां आज कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रहीं हैं। इस विषम परिस्थिति में भी राष्ट्र के प्रति आपका समर्पण अनुकरणीय है, मेरी यही कामना है कि आप सभी सुखी रहें। उपराष्ट्रपति को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बीसएफ के महानिदेशक तिन अग्रवाल ने कहा कि विषम परिस्थिति और मौसम के बीच उपराष्ट्रपति ने यहां आकर जवानों की हौसला-अफ़ज़ाई की, जिससे सभी के अंदर एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

### आज समारोह में होंगे शामिल

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को जैसलमेर में विश्राम किया। शुक्रवार को वे 154 बटालियन, बीएसएफ के मुख्यालय में एक समारोह में शिरकत करेंगे। इस दौरान उपराष्ट्रपति सीमा सुरक्षा बल के जवानों व अधिकारियों से संवाद करेंगे।

### चुनौतीपूर्ण माहौल में करते हैं देश सेवा



इसके बाद उपराष्ट्रपति अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बावलियांवाला चौकी पहुंचे और वहां तैनात बीएसएफ के जवानों से मुलाकात की। कठिन परिस्थितियों में देश की सीमाओं की रक्षा कर रहे सैनिकों की प्रशंसा करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि उनके साहस और त्याग के कारण ही सभी देशवासी चैन की नींद सो पाते हैं। इस अवसर पर बीएसएफ़ जवानों का उत्साह वर्धन करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि आप लोगों का योगदान, आपकी तपस्या और कर्तव्यनिष्ठा अभिनंदनीय है, आप बेहद चुनौतीपूर्ण स्थिति में देश सेवा करते हो। उन्होंने कहा कि आज का भारत दुनिया के नक्शे पर अलग भारत है। सबसे तेज़ी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से है, कुछ वर्षों में हम विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे। 2047 में विकसित भारत होगा, आप इस मैराथन के सिपहसालार हैं। आपका काम बहुत चुनौतीपूर्ण है, आपकी राष्ट्र भावना, राष्ट्र के प्रति आपका प्रेम, आपकी प्रतिबद्धता वंदनीय है। मैं आपको नमन करता हूँ, देश के जवानों पर मुझे गर्व है, आप सभी का अभिनंदन करता हूँ।

**मुख्य सचिव सुधांश पंत ने ली बैठक**

# कृषि के नए प्रोजेक्ट्स पर चर्चा, 1877.25 लाख रुपए स्वीकृत



**बेधड़क | जयपुर**

मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता में शासन सचिवालय में गुरुवार को कृषि विभाग की राष्ट्रीय कृषि विकास योजना को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान कृषि विभाग के विभिन्न सेक्टरों के नए प्रस्तावित प्रोजेक्ट्स पर चर्चा हुई। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव पंत ने कहा कि लुप्त हो रहे फलों के पेड़ों को संरक्षित करने के नए उपाय खोजें और उन्हें पुनः विकसित करने की कोशिश करें।

जिससे हमारे पारंपरिक पेड़ पोधों द्वारा प्राप्त होने वाले फलों जैसे फालसा, शहतूत आदि को भरपूर मात्रा में आमजन के लिए उचित दाम और पर्यावरण के अनुकूल उपलब्ध हो सके। बैठक में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और कृषोन्नति योजना के विभिन्न क्षेत्रों की वार्षिक कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान संबंधित विभाग वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने बताया कि कृषि विभाग के सम्बंधित विभागों के कुल 33 नए प्रोजेक्ट्स में से 28 प्रोजेक्ट्स को वर्ष 2024 के लिए 1877.25 लाख रुपए की स्वीकृति मिली। वन विभाग के विभिन्न प्रोजेक्ट्स के लिए कुल 10 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए। साथ ही राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत प्रोजेक्ट्स मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता, रेनफेड एरिया विकास, परम्परागत कृषि विकास योजना आदि में कुल 338. 40 करोड़ रुपए तथा कृषोन्नति योजना के प्रोजेक्ट्स कृषि विस्तार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषाहार मिशन आदि में कुल 853.26 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए। मुख्य सचिव ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि फसल बुवाई के समय योजना का लाभ मिले। जिससे किसान सही समय पर लाभ उठाये और कृषि संबंधी गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव ना पड़े।

**रालोपा सांसद बेनीवाल ने दिया कुमारी पर साधा निशाना**

# डिप्टी सीएम का विभाग पर नियंत्रण नहीं... अधिकारियों के आगे बेबस

**बेधड़क | जयपुर**

लोकसभा चुनाव समाप्त होने के साथ ही राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष और नागौर से नव निर्वाचित सांसद हनुमान बेनीवाल ने भजनलाल सरकार के मंत्रियों को निशाने पर लेना शुरू कर दिया है। बेनीवाल ने इस बार डिप्टी सीएम दिया कुमारी पर निशाना साधा है।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि नागौर संसदीय क्षेत्र और नागौर जिले में केंद्र की सीआरआईएफ (सेंट्रल रोड एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड) योजना के अंतर्गत निर्माण और निर्माणाधीन कार्यों में गुणवत्ता की काफी कमी है। इन कामों में मिली भगत दिखाई देती है। सीएम भजनलाल को एसीबी से इसकी जांच करानी चाहिए। हनुमान बेनीवाल ने कहा कि नागौर शहर में केंद्र की राशि से निर्माणाधीन दो फोर लेन सड़कों सहित राज्य सरकार की बजट घोषणाओं से निर्माण हुआ।

आरोप है कि निर्माणाधीन विभिन्न सड़कें जिनमें कुछ सार्वजनिक निर्माण विभाग तो कुछ आरएसआरडीसी के अधीन हैं मापदंडों को दरकिनार करके बनाई गई। साथ ही राजकोष के करोड़ों रुपयों का जमकर दुरुपयोग किया गया। बेनीवाल ने कहा इस पूरे मामले से राजस्थान की उप-मुख्यमंत्री दीया कुमारी, प्रदेश के मुख्य सचिव व सार्वजनिक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को अवगत करवाया, लेकिन यह दुर्भाग्य है कि सार्वजनिक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव संदीप वर्मा ने अब तक किसी के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया। बेनीवाल ने कहा कि इससे यह भी स्पष्ट हो रहा है कि सार्वजनिक निर्माण विभाग का जिम्मा संभाल रहीं राज्य की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी अपने विभाग के अफसरों और अभियंताओं की मनमानी के आगे बेबस हैं। उनके खुद के विभाग पर ही नियंत्रण नहीं है। अधिकारियों की झूठी रिपोर्टों के आधार पर वो महकमे का संचालन कर रहीं हैं।

**मूर्ति अनावरण समारोह में भाजपा के युवा नेता रविन्द्र मीना ने कहा...**

# सामाजिक क्रांति के लिए कर्नल बैंसला रहेंगे याद

**बेधड़क | जयपुर**

भाजपा के युवा नेता एडवोकेट रविन्द्र मीना ने कहा है कि कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला सामाजिक क्रांति के पुरोधा थे, उन्हें सामाजिक जागरूकता और उन्नति के लिए सदैव याद रखा जाएगा। एडवोकेट मीना गुरुवार को टोडाभीम के गांव मूडिया में कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की मूर्ति अनावरण के बाद आयोजित किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

इस कार्यक्रम रविन्द्र मीना मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम के साथ प्रमुख रूप से शामिल हुए। किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए रविंद्र मीणा ने कहा कि टोडाभीम में सर्वसमाज के लोगों ने विधानसभा चुनाव के दौरान उनके



पिता रामनिवास मीना को अपार स्नेह और समर्थन प्रदान किया, जिसके लिए वे सदैव आभारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि टोडाभीम विधानसभा क्षेत्र में विकास की अत्यंत आवश्यकता है।

शिक्षा, सड़क, पेयजल, बिजली आदि मूलभूत आवश्यकताओं के लिए क्षेत्र के लोग बहुत ही परेशान हैं। ऐसे में सरकार को आमजन की तकलीफ दूर करने का कार्य प्रमुखता से करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला ने शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने का संदेश दिया और सामाजिक कुरीतियों के साथ फिजूलखर्ची को रोकने की प्रमुख रूप से पहल की। पंच पटेलों ने रविंद्र मीणा का कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला का चित्र भेंटकर स्वागत किया।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से ईआरसीपी का काम शुरू करवाने की मांग

कार्यक्रम में किसान नेताओं ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर ईआरसीपी का कार्य प्रारंभ करने की मांग रखी ज्ञापन में किसान नेता अमरसिंह नीमरोट और दीनदयाल सारस्वत ने कहा कि जल जीवन मिशन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हर घर जल पहुंचाने की दिशा में क्रांतिकारी कदम है, लेकिन पूर्ववर्ती राज्य की कांग्रेस सरकार में हुए भारी भ्रष्टाचार के कारण करौली व गंगापुर सिटी जिलों के शहर व गांवों में जल जीवन मिशन के तहत स्वीकत कार्यों को भ्रष्टाचार ने निगल लिया है। करौली जिले के करौली, हिण्डौन, सपोटरा और गंगापुर सिटी जिले के टोडाभीम खण्ड में जल जीवन मिशन के तहत स्वीकत कार्यों में 20 प्रतिशत पानी भी आमजन को नहीं मिल पाया है। किसान नेताओं ने कहा ईआरसीपी में देरी होने से पूर्वी राजस्थान का विकास बाधक हो रहा है।

**समस्याओं को सूचीबद्ध कर विभागों तक पहुंचाएंगे**

# भाजपा पदाधिकारियों ने सुनी पीड़ा, 200 से अधिक फरियादी पहुंचे

**बेधड़क | जयपुर**

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के निर्देशानुसार पर भाजपा प्रदेश मुख्यालय में गुरुवार से समस्याओं के निस्तारण के लिए जनसुनवाई की शुरूआत हुई।

भाजपा कार्यालय में जनसुनवाई के पहले दिन भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल, श्रवण सिंह बगडी, प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा, प्रदेश मंत्री महेंद्र कुमावत और अजीत मांडण ने आमजन की समस्याएं सुनी। इस दौरान 200 से अधिक पीड़ित अपनी समस्याओं के निस्तारण के लिए भाजपा कार्यालय पहुंचे। जनसुनवाई में



प्रदेश की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के काले कारनामे भी उजागर हुए। इस दौरान अधिकांश लोगों ने प्रशासन गांवों संग अभियान में फर्जी पट्टे बनाए जाने और पुलिस प्रशासन द्वारा पीड़ित पक्ष की सुनवाई नहीं करने जैसी समस्याएं भाजपा पदाधिकारियों के समक्ष रखी। कांग्रेस राज में पनपे भूमाफियाओं से परेशान आमजन भाजपा की जनसुनवाई में न्याय की गुहार लगाने पहुंचे। समस्या के शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारी को फोन कर निर्देशित किया।

### फर्जी पट्टे के कई मामले आए सामने

भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं विधायक जितेंद्र गोठवाल ने बताया कि भाजपा प्रदेश कार्यालय में जनसुनवाई के पहले ही दिन जमीनों के फर्जी पट्टे बनाए जाने से जुड़े कई मामलें सामने आए। कहीं किसी गरीब की जमीन हडपने की शिकायत मिली तो कहीं किसी गांव में गोचर, श्मशान भूमि पर भू माफियाओं द्वारा कब्जा करने की शिकायत मिली। भाजपा की जनसुनवाई में गहलोत सरकार द्वारा शुरू किए गए प्रशासन गांवों संग अभियान में बड़ी संख्या में फर्जी पट्टे बनाए जाने की शिकायतें भी सामने आई है। कांग्रेसी नेताओं द्वारा आमजन को गुमराह करते हुए अभियान के नाम पर अधिकारियों और कर्मचारियों पर दबाव बनाया और गरीब लोगों से उनकी जमीनें फर्जी पट्टे बनाकर हड़प ली।

### सरकार जनसमस्याओं के प्रति गंभीर

प्रदेश महामंत्री एवं विधायक गोठवाल ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार आमजन की समस्याओं को लेकर बेहद गंभीर हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा स्वयं कांग्रेस शासन में किए गए आमजन विरोधी फैसलों पर रिव्यू करते हुए जांच करवा रहे है। वहीं भाजपा की जनसुनवाई में आए फर्जी पट्टों की शिकायतों पर भी प्रशासन गांवों संग अभियान में किए गए फर्जीवाड़े की जांच करवाई जाएगी।

### अधिकारियों को फोन से दिए निर्देश

भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी ने बताया कि जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों का शीघ्र निस्तारण किया जा सकें इसके लिए संबंधित अधिकारी को मौके से ही फोन कर निर्देशित किया गया। वहीं दूसरी ओर जनसुनवाई में आने वाली शिकायतों पर कार्रवाई नहीं करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों पर भी एक्शन लेने के लिए बड़े प्रशासनिक अधिकारियों को सूचित किया गया है। भाजपा कार्यालय में आने वाली सभी शिकायतों के निस्तारण के लिए गंभीरता से कार्य शुरू कर दिया गया है। भाजपा कार्यालय से आमजन की समस्याओं को सूचीबद्ध करके संबंधित अधिकारी के साथ ही उस विभाग के मंत्री एवं आलाधिकारी तक भी भेजी जाएगी। आमजन की समस्या के समाधान के लिए एक निश्चित समय तय किया गया है, उसमें समाधान नहीं करने वालों के खिलाफ सरकार सख्त एक्शन लेगी। भाजपा सरकार में सरकारी कर्मचारी और अधिकारी जनता के सेवक के तौर पर कार्य करेंगे। इन समस्याओं के निस्तारण के लिए मॉनिटरिंग की व्यवस्था भी की गई है।

## जरूरी खबर

### विवेक और पवन होंगे रेलवे के नए सीसीएम



**जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे में जहां ऑपरेटिंग में 1 एचएजी, 3 एसएजी ऑफिसर होंगे, वहीं अब कॉमर्शियल में भी 1 एचएजी, 3 एसएजी ऑफिसर होंगे। इसी के तहत सीओएम (जी) आईआरटीएस विवेक रावत को रेलवे का सीसीएम (सीएंडसी) बनाया गया है। रावत यात्रियों द्वारा किए गए दावे, ट्रेनों और स्टेशनों पर खानपान की व्यवस्था देखेंगे। वे जयपुर मंडल और मुख्यालय में कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। वहीं अहमदाबाद मंडल के सीनियर डीसीएम और ट्रैफिक सर्विस के 2006 बैच के सीनियर एडमिनिस्ट्रेटिव ग्रेड ऑफिसर पवन कुमार सिंह को सीसीएम (पीएसएंडपीएम) बनाया गया है।

### तीन ट्रक सामान जब्त, 26 हजार रुपए का चालान



**जयपुर।** हेरिटेज नगर निगम की सतर्कता शाखा ने गुरुवार को अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन ट्रक सामान जब्त कर 26 हजार रुपए का चालान किया है। हेरिटेज निगम के सतर्कता उपायुक्त पुष्पेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर सतर्कता शाखा के दस्ते ने कार्रवाई करते हुए शंकर भवन, गोविंद मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, नंदपुरी, खजाने वालों के रास्ते, जय गोविंद कॉम्प्लेक्स के सामने बागावास हाउस से अस्थाई थड़ी ठेले वालों को हटाया। साथ ही सड़क पर हो रहे अतिक्रमण को भी हटवाया। इस दौरान राजस्व निरीक्षक बेद्यनाथ कौशिक के नेतृत्व में दस्ते ने तीन ट्रक सामान जब्त किया गया, साथ ही 26 हजार रुपए का चालान भी किया।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकारियों ने किया प्रदर्शन... समझौते के उल्लंघन का लगाया आरोप, बोले-**

# नियम विरुद्ध किए 4000 से ज्यादा अधिकारियों के तबादले

**बेधड़क । जयपुर**

ऑल इंडिया बैंक ऑफ बड़ौदा ऑफिसर्स एसोसिएशन के बैनर तले देशव्यापी विरोध प्रदर्शन हो रहा है। संगठन का कहना है कि बैंक ऑफ बड़ौदा प्रशासन ने हाल ही में 4000 से ज्यादा अधिकारियों के नियम विरुद्ध ट्रांसफर कर दिए गए हैं।

बीओबी उच्च प्रबंधन के इस फैसले के विरोध में राजस्थान में बैंक ऑफ बड़ौदा की सभी 800 शाखाओं में बुधवार से शुरू हुआ प्रदर्शन गुरुवार को भी जारी रहा। यूनियन के राजस्थान अंचल के महासचिव यशवंत भारद्वाज ने बताया कि राजस्थान के 300 से ज्यादा अधिकारियों का ट्रांसफर दूरस्थ राज्यों में कर दिया है। वहां जाकर कार्य करना संभव नहीं है। बैंक प्रबंधन की मनमानी के खिलाफ फिलहाल अधिकारियों की ओर से शांतिपूर्ण आंदोलन किया जा रहा है।

अगर बैंक प्रबंधन ने नियम विरुद्ध किए गए तबादलों को रद्द नहीं किया तो आंदोलन को उग्र करते हुए कार्य बहिष्कार किया जाएगा। इससे बैंक का कामकाज ठप हो जाएगा और करोड़ों का कारोबार प्रभावित होगा।




### समझौते और ट्रेड यूनियन एक्ट का खुला उल्लंघन

यूनियन के राजस्थान अंचल के महासचिव यशवंत भारद्वाज ने बताया कि बैंक प्रबंधन की ओर से किए गए ट्रांसफर मान्यता प्राप्त अधिकारी संगठन के साथ किए गए औद्योगिक समझौते का खुला उलंघन है। साथ ही ट्रेड यूनियन एक्ट का भी उल्लंघन है। बैंक प्रबंधन का अधिकारी संगठन के साथ हुए समझौते के तहत एक पॉलिसी निर्धारित की गई है। हाल ही में किए गए ट्रांसफर लिस्ट में इस पॉलिसी के प्रावधानों की पालना नहीं की गई है, जो कतई स्वीकार्य नहीं है। इस तरह का उलंघन पहले कभी नहीं हुआ है। बैंक के उच्च प्रबंधन की इस तानाशाही के विरोध में 12 जून को भी जयपुर, जोधपुर, अजमेर, बीकानेर, भरतपुर, बांसवाड़ा, कोटा सहित सभी शहर कस्बों में स्थित शाखाओं में स्टाफ सदस्यों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। इन असंवैधानिक ट्रांसफर के कारण सभी अधिकारियों में जबरदस्त आक्रोश है और सार्वजनिक क्षेत्रों की अन्य बैंकों के संगठनों द्वारा भी इसे समर्थन प्राप्त हो रहा है।

### ट्रांसफर में मनमानी

भारद्वाज ने कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा देश में सार्वजनिक क्षेत्र का दूसरा सबसे बड़ा बैंक हैं। यहां मानवीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखने की अपेक्षा की जाती है , लेकिन बैंक के उच्च प्रबंधन ने मनमानी करते हुए ट्रांसफर कर दिए हैं। उत्तर प्रदेश में दो जोन के करीब 600 अधिकारियों, गुजरात के 3 जोन के करीब 600 अधिकारियों, साउथ इंडिया में चेन्नई जोन के करीब 250 अधिकारियों, पुणे और महाराष्ट्र के करीब 300 से ज्यादा अधिकारियों, राजस्थान से 300 से ज्यादा अधिकारियों और अन्य राज्यों में भी इसी तरह से दूरस्थ राज्यों में ट्रांसफर कर दिए गए हैं।

**जिला स्तर पर बनाया जाएगा एक्शन प्लान, RMRS फंड से होंगे कार्य**

# मानसून में मौसमी बीमारियों से लड़ेंगी रेपिड रेस्पॉन्स टीमें

**बेधड़क । जयपुर**

मानसून के दौरान जलजनित रोगों एवं मौसमी बीमारियों के उपचार के लिए रेपिड रेस्पॉन्स टीमों एवं मोबाइल टीमों का गठन किया जाएगा ताकि आपात स्थितियों में तत्काल राहत उपलब्ध हो सके। साथ ही मौसमी बीमारियों पर नियंत्रण के लिए प्रदेश के सभी चिकित्सा संस्थानों में आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएंगे। इसके लिए जिला स्तर पर एक्शन प्लान बनाया जाएगा तथा आवश्यक कार्य आरएमआरएस फंड में उपलब्ध राशि के माध्यम से किए जा सकेंगे।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशों के बाद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग ने समस्त मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्य, संयुक्त निदेशक जोन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा प्रमुख चिकित्सा अधिकारियों को परिपत्र जारी कर एक्शन प्लान बनाने तथा माकूल इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि मानसून के दौरान जलभराव या बाढ़ की संभावना को देखते हुए चिकित्सा संस्थानों में सुरक्षात्मक उपाय अपनाने, मौसमी बीमारियों की रोकथाम, आपातकालीन स्थितियों से निपटने सहित विभिन्न तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश निचले स्तर तक दिए गए हैं।



### अस्पताल परिसर में रहे साफ-सफाई

आरएमआरएस की राशि से करवा सकेंगे आवश्यक कार्य अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि चिकित्सा संस्थानों में आवश्यक मरम्मत एवं रिपेयर कार्य भी समय रहते करवाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। चिकित्सा अधिकारियों को कहा गया है कि चिकित्सा संस्थानों की छतों एवं नालों की सफाई, बिजली उपकरणों, स्विच, बोर्ड आदि की जांच एवं रिपेयरिंग सुनिश्चित की जाए। रोगियों एवं परिजनों के लिए अस्पताल में बैठने के लिए उपयुक्त व्यवस्था हो तथा अस्पताल परिसर में साफ-सफाई रहे। आवश्यक कार्यों के लिए राजस्थान मेडिकल रिलीफ सोसायटी में उपलब्ध राशि का युक्ति संगत उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं।

### राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष की होगी स्थापना

मानसून के दौरान चौबीसों घंटे राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष संचालित किया जाएगा। जिला एवं खण्ड स्तर पर भी नियंत्रण कक्ष को सुदृढ़ करने और आवश्यक सूचनाओं से राज्य नियंत्रण कक्ष को अवगत कराने के निर्देश दिए हैं। बाढ़ के कारण पेयजल दूषित होने की संभावना को ध्यान में रखते हुए ब्लीचिंग पाउडर एवं क्लोरीन का पर्याप्त भंडारण रखने, जल स्रोतों का नियमित शुद्धिकरण करवाने, जलदाय विभाग के समन्वय से पेयजल पाइपलाइनों के लीकेज ठीक करवाने, पेयजल नमूनों में असंतोषप्रद पाए गए जल स्रोतों का सुपर क्लोरीनेशन करवाने के निर्देश दिए हैं।

### जीवन रक्षक दवाएं रहे पर्याप्त

चिकित्सा संस्थानों में जीवन रक्षक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता रखने, जल निकास सहित अस्पतालों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने, एंटीलार्वा टेमीफोस, एमएलओ एवं पायरेथ्रम की उपलब्धता रखने, नगरीय निकाय एवं पंचायतीराज विभाग के माध्यम से नालियों की समुचित सफाई करवाने एवं कीटनाशकों का छिड़काव करवाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, जन साधारण को बीमारियों से बचाव एवं आपात स्थितियों में आवश्यक उपाय अपनाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

**मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट की बैठक में नोटिस देने का निर्णय**

# बिना रजिस्ट्रेशन चल रहा रिसा IVF सेंटर ब्लैकलिस्ट



**बेधड़क । जयपुर**

निजी हॉस्पिटल ईएचसीसी में संचालित रिसा आईवीएफ सेंटर को राज्य सरकार ने ब्लैकलिस्ट करने का निर्णय किया है। बिना रजिस्ट्रेशन करवाए सेंटर संचालित करने पर मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट ने गुरुवार को इसे ब्लैकलिस्ट करने का निर्णय किया। इसके साथ ही हॉस्पिटल प्रशासन के खिलाफ कोर्ट के जरिए मुकदमा भी दर्ज करवाने के साथ ही हॉस्पिटल प्रशासन को नोटिस जारी किया जाएगा। हेल्थ डिपार्टमेंट की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार देर शाम सचिवालय में हुई एआरटी एवं सरोगेसी की स्टेट एप्रोप्रिएट अर्थॉरिटी की बैठक ये निर्णय किया गया।

एसीएस ने बताया कि ईएचसीसी हॉस्पिटल में बिना रजिस्ट्रेशन करवाए ही आईवीएफ सेंटर संचालित था, जिसे ब्लैकलिस्ट करने पर निर्णय किया गया। उन्होंने बताया कि हम हॉस्पिटल प्रशासन को नोटिस जारी कर इस पर स्पष्टीकरण भी मांगेंगे। इसके अलावा बैठक में 28 एआरटी बैंक, 27 एआरटी क्लीनिक लेवल-प्रथम, 22 एआरटी लेवल-द्वितीय एवं 10 सरोगेसी क्लीनिक के लिए जो आवेदन आए थे, उनको निरस्त किया। इन आवेदनों में ज्यादातर ने आवेदन फीस जमा नहीं करवा रखी थी।

**ज्योतिष, संस्कार प्रशिक्षण शिविर**

# सही शिक्षा व्यवस्था से ही विकास

**बेधड़क । जयपुर**

ब्रह्मपुरी स्थित वेद स्वाध्याय पीठ के तत्वाधान में आयोजित 27 दिवसीय वेद, ज्योतिष, संस्कार प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह (ब्रह्मपुरी) के संस्कृत कॉलेज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद मंजु शर्मा ने बच्चों को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह और संस्कारों की पुस्तक भेंट की।

पंडित महेश कुमार शर्मा ने श्रीफल व शॉल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया। वेद स्वाध्याय पीठ के अध्यक्ष योगेश पारीक पारीक ने गुरुदेव ग्यारसी लाल वेदाचार्य के द्वारा दी हुई शिक्षा का प्रचार प्रसार करने का संकल्प लिया। वेद स्वाध्याय पीठ के संरक्षक महेश कुमार शर्मा ने बताया कि देश का विकास और उन्नति तब ही हो सकती है जब शिक्षा व्यवस्था सही हो। वेद स्वाध्याय पीठ के आचार्य योगेश पारीक ने बताया कि प्राचीन शिक्षा पद्धति किताबी ना होकर व्यवहारिक थी, शिक्षा के स्तर पर अमीर-गरीब का कोई भेद नहीं होकर गुरुकुल में स्त्री और पुरुषों की समान शिक्षा होती थी। उत्तररामचरित में वाल्मीकि के आश्रम में लव-कुश के साथ प्राचीनकाल की शिक्षा पद्धति पढ़ने वाली आत्रेयी नामक स्त्री का आज की शिक्षा पद्धति से अलग थी।



**पाटोत्सव में आज मनाया जाएगा छठी उत्सव**

# सियाराम दरबार में गुरु बृहस्पति की कथा

**बेधड़क । जयपुर**

श्री खोले के हनुमान जी मंदिर के शिखर पर विराजित सियाराम महाराज के 27 वें पाटोत्सव के तहत गुरुवार को बलराम दास सत्संग मण्डल के रामेश्वर प्रसाद लवाण वाले, नवीन आकड़ के संयोजन में भजन और बधाई गायन हुआ।

कैलाश गौड़ के संयोजन में श्री विप्र गौड़ मंडल द्वारा शाम को गुरु बृहस्पति कथा हुई। इसके बाद भजन गायन हुए। प्रबंध समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि शुक्रवार 14 जून को सियाराम जी महाराज का छठी उत्सव मनाया जाएगा। शाम 6 बजे शुक सम्प्रदाय पीठाधीश्वर आचार्य अलबेली माधुरी शरण महाराज के सानिध्य में फल, वस्त्र एवं अन्य वस्तुओं की उछाल होगी। छठी उत्सव के संयोजक प्रवीण भैया एवं गोपाल लाल सैनी होंगे।



मुख्य संयोजक ओम रावत ने बताया कि शनिवार, 15 जून को अन्नपूर्णा माता का सप्तम पाटोत्सव मनाया जाएगा। अन्नपूर्णा माता का सुबह 6 बजे महाअभिषेक, 10 बजे षोडशोपचार पूजन, अभिषेक श्रृंगार, 11 बजे राजभोग, 11:30 बजे विशेष आरती होगी। इन कार्यक्रमों का आयोजन सरयुशरण शर्मा के संयोजन में होगा। दोपहर 3 से 6 बजे तक भानू प्रकाश शर्मा के संयोजन में शिव सत्संग मंडल द्वारा श्री हरिनाम संकीर्तन, बधाई, शाम 7 बजे श्री आजाद नवयुवक मंडल के योगेन्द्र गौड़ के संयोजन में युगल महाराज के पदों का गायन करेंगे।

**नए आपराधिक कानून एक जुलाई से होंगे लागू**

# आपराधिक घटनाओं की जांच-पड़ताल में बढ़ेगी विधि विज्ञान की उपयोगिता

**बेधड़क । जयपुर**

संसद से पास हुए तीन नए आपराधिक कानून देशभर में एक जुलाई से लागू होंगे। नए कानूनों ने विधि विज्ञान की उपयोगिता काफी बढ़ गई है। ऐसे में राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के मौके पर आरपीए में 'रोल ऑफ फॉरेंसिक इन क्रिमिनल इंवेस्टिगेशन' विषय पर सेमिनार का आयोजन हुआ।

सेमिनार में तीन नए आपराधिक कानूनों में विधि विज्ञान की उपयोगिता पर संबोधन हुआ। सेमिनार में डीजीपी यूआर साहू के साथ ही तमाम वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। राजस्थान पुलिस के स्थापना दिवस के मौके पर गुरुवार को आरपीए सभागार में सेमिनार का आयोजन हुआ।



### घटना के बाद विधि अनुसार त्वरित जुटाए जाने चाहिए साक्ष्य

सेमिनार में वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी डॉ.जीके गोस्वामी ने विधि विज्ञान के तकनीकी पहलुओं पर अपना संबोधन दिया। डॉ.जीके गोस्वामी ने कहा कि फोरेंसिक विज्ञान में चिकित्सा, शल्य चिकित्सा, जीव विज्ञान, फोटोग्राफी, भौतिकी और रसायन विज्ञान सरीखी कई शाखाएं है। अपराध के घटित होने के बाद साक्ष्य जुटाने से लेकर केस के परिणाम तक विधि विज्ञान काफी उपयोगी है। कई आपराधिक घटनाओं में साक्ष्य होने के बाद भी अपराधी के मुक्त होने पर उन्होंने कहा कि घटना के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए विधि अनुसार साक्ष्य जुटाए जाने चाहिए । उन्होंने कहा कि नए कानून लागू होने के बाद विधि विज्ञान का महत्व और बढ़ जाएगा।

### जांच और परिणाम में दिखेगा असर

आपराधिक घटनाओं की जांच में विधि विज्ञान की उपयोगिता पर राजस्थान पुलिस के मुखिया डीजीपी यू आर साहू ने कहा- आपराधिक घटनाओं के साक्ष्य जुटाने और उनकी जांच में विधि विज्ञान उपयोगी है। केंद्र की ओर से एक जुलाई से लागू हो रहे तीन नए कानूनों में विधि विज्ञान का महत्व और बढ़ जाएगा । ऐसे आयोजनों के जरिए प्रदेश के पुलिस अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को विधि विज्ञान और तकनीकी बारीकियों की और जानकारी मिलेगी। जिसका प्रकरणों की जांच और परिणाम में असर दिखेगा।

### पुलिस बेड़े को प्रशिक्षण देने का काम चल रहा है जोरों पर

देश में लागू होने वाले तीन नए कानूनों को लेकर राजस्थान पुलिस बेड़े को प्रशिक्षित करने का काम जोरों पर है। राजस्थान पुलिस की ओर से तमाम पुलिसकर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर नए कानूनों के प्रति जानकारी दी जा रही है। ऐसे समय में विधि विज्ञान विषय पर विशेषज्ञों का संबोधन पुलिसकर्मियों को तकनीकी जानकारी भी मुहैया करा रहा है ।

जरूरी खबर

## बैठक में बच्चों के पुनर्वास को लेकर दिए निर्देश



**उदयपुर।** जिला बाल संरक्षण इकाई की त्रैमासिक बैठक जिला कलक्टर एवं बाल संरक्षण इकाई के अध्यक्ष अरविन्द पोसवाल की अध्यक्षता तथा विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एडीजे कुलदीप शर्मा के नेतृत्व में कलक्ट्रेट के मिनी सभागार में हुई। इसमें कलक्टर ने जिले में संस्थागत देख-रेख गृहों में आश्रयरत बच्चों के पुनर्वास के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन बालकों की अच्छी तरह से काउंसलिंग की जाए, जिससे उनको कम से उनके घर फिर से भेजा जा सके।

## महाना छठी पर ख्वाजा की दरगाह में उमड़े अकीदतमंद

**अजमेर।** सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह में गुरुवार को महाना छठी मनाई गई। इस दौरान दरगाह में धार्मिक रस्में निभाई गईं। ख्वाजा गरीब नवाज की महाना छठी के अवसर पर बड़ी संख्या में देश के कोने-कोने से आए जायरीन ने दरगाह में हाजरी देकर अमन-चैन और भाईचारे की भी दुआएं मांगी। ख्वाजा गरीब नवाज की महाना छठी गुरुवार को धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ मनाई गई। इस अवसर दरगाह में कुरान ख्वानी हुई और शजरा पढ़ा गया। वहीं धार्मिक माहौल के बीच ख्वाजा गरीब नवाज की छठी पर खादिमों की ओर से दरगाह आने वाले जायरीन के लिए दुआएं की गई। लोगों ने मन्नतें पूरी होने पर मन्नत के धागे भी खोले।

## इस मानसून में लगाएंगे 17 लाख से अधिक पौधे



**भीलवाड़ा।** इस बार वर्षा ऋतु में जिले में पर्यावरण संरक्षण के लिए 17 लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। इसके लिए वन विभाग की नर्सरियों में पौधे तैयार हो चुके हैं। भीलवाड़ा के उपवन संरक्षक गौरव गर्ग ने बताया कि जो पौधे लोगों को प्रचुर मात्रा में ऑक्सीजन देंगे और पर्यावरण को संरक्षित करेंगे, वही पौधे लगाए जाएंगे। वन विभाग वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक पौधे लगाने की तैयारी में जुट गया है। भीलवाड़ा व शाहपुरा जिले में विभाग का इस बार 17 लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य है। गर्ग ने बताया कि सरकार ने इस बार सघन पौधारोपण के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्णय किया है। वन विभाग की भूमि में 5 लाख 25 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य है।

### मनोहरपुर-दौसा नेशनल हाईवे पर बाकी माता मंदिर के कट पर भीषण हादसा... मृतकों में एक बच्ची भी शामिल

# टक्कर के बाद ट्रक के नीचे दबी कार... तीन लोगों की मौत

**बेधड़क** | जयपुर

मनोहरपुर-दौसा नेशनल हाईवे पर बुधवार देर रात भीषण सड़क हादसे में 5 वर्षीय बच्ची समेत तीन लोगों की मौत हो गई। हादसा रायसर थाना इलाके में बाकी माता कट के पास हुआ।

यहां ट्रक और कार में आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद ट्रक कार को घसीटते हुए खाई में ले गया। सूचना मिलते ही रायसर थाना, जमवारामगढ़ थाना और चंदवाजी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। चार घंटे की मशक्कत के बाद ट्रक के नीचे फंसी कार से लोगों को बाहर निकाला जा सका।



रायसर थाना अधिकारी महेंद्र सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश का एक परिवार खाटू श्याम जी मंदिर में दर्शन करके लौट रहा था। आधी रात के बाद रायसर थाना इलाके में मनोहरपुर दौसा हाईवे पर बाकी माता मंदिर कट के पास ट्रक और कार की टक्कर हो गई। कार ट्रक के नीचे फंस गई। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद क्रेन की सहायता से मृतकों और घायल महिला को कार से बाहर निकाला। सूचना पर एएसपी नीलकमल मीणा भी मौके पर पहुंचे।



### हादसे में इनकी हुई मौत

हादसे में 34 वर्षीय अंकित, 32 वर्षीय रवि और 5 वर्षीय देवती की मौके पर मौत हो गई, जबकि मृतक अंकित की पत्नी 28 वर्षीय रिंकी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को निम्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, यहां पर उसका इलाज चल रहा है। मृतकों के शव अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए गए है।

### चार घंटे कार में फंसे रहे घायल

स्थानीय लोगों के मुताबिक हादसा रात करीब 12:30 बजे हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पूरी तरह से पिचक गई और शव उसमें फंस गए। ट्रक कार को घसीटते हुए खाई में ले गया। कार में फंसी घायल महिला मदद के लिए चीखती रही। करीब 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद क्रेन की सहायता से ट्रक के नीचे फंसी कार को निकाला और फिर कार में फंसे मृतकों और घायल महिला को बाहर निकाला गया। हादसे के करीब 3 घंटे बाद क्रेन पहुंची। इस दौरान कार में फंसी महिला चीख-पुकार करती रही।

### नशे पर नकेल: प्रदेश में तीन जगहों पर बड़ी कार्रवाई, तस्कर दबोचे

# पाकिस्तान से फिर आया नापाक नशा, करोड़ों की बड़ी खेप पकड़ी

प्रदेश में नशे का कारोबार रुकने का नाम नहीं हो रहा। प्रदेश में पुलिस की ओर से लगातार नशा तस्करों पर कार्रवाई कर रही है। गुरुवार को प्रदेश में तीन जगहों पर नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई कर बड़ी खेप पकड़ी गई। वहीं पाकिस्तान से भी लगातार नशा तस्कर जारी है। एक सप्ताह में ही तीसरी बार पाकिस्तान से करोड़ों की हेरोइन सीमा पार पहुंची है।

## 2. 370 किलो हेरोइन के साथ दो तस्कर धरे



**बेधड़क** | श्रीगंगानगर

पाकिस्तान की ओर से भारतीय सीमा में लगातार मादक पदार्थों की तस्करी की कोशिश की जा रही है। पिछले एक हफ्ते में तीसरी बार पाकिस्तानी तस्करों ने भारतीय सीमा में मादक पदार्थ हेरोइन की खेप भेजी गई है। बीती रात भी पुलिस ने दो तस्करों को करोड़ों रुपए की हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है।

श्रीगंगानगर एसपी गौरव यादव ने बताया कि हिंदूमलकोट इलाके में यह कार्रवाई की गई। एसपी ने बताया कि पुलिस और सीआईडी को बॉर्डर क्षेत्र में हेरोइन की तस्करी के इनपुट मिले थे। ऐसे में नाकाबंदी की गई और दो तस्करों को दबोच लिया गया। दोनों तस्करों के कब्जे से 2 किलो 370 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। बरामद की गई हेरोइन की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करोड़ों रुपए की बताई जा रही है। पकड़े गए दोनों तस्कर संदीप सिंह और बलविंदर सिंह हिंदूमलकोट थाना इलाके के ही निवासी हैं। फिलहाल, पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। इसके साथ साथ पुलिस ने आसपास के गांवों में नाकाबंदी की है और लोगों से पूछताछ की जा रही है। बता दें कि पिछले एक हफ्ते में हेरोइन बरामद करने की यह तीसरी कार्रवाई है। इससे पहले अनूपगढ़ जिले के समेजा कोठी थाना एरिया में दो दिनों में तीन तीन किलो हेरोइन बरामद की गई थी। पाकिस्तानी तस्कर ड्रोन के माध्यम से भारतीय सीमा में हेरोइन के पकड़े फेंकते हैं और उन्हें स्थानीय तस्कर ठिकानों पर भेजते हैं।

## 1.74 करोड़ रुपए का 34 क्विंटल डोडा-पोस्त बरामद

**बालोतरा।** अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बालोतरा पुलिस और डीएसटी जोधपुर ग्रामीण टीम ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने अवैध डोडा पोस्त भरे एक ट्रक को जब्त किया है। ट्रक से 34 क्विंटल 38 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद किया गया है।

अवैध डोडा पोस्त की अनुमानित कीमत करीब 1.70 करोड़ रुपए आंकी गई है। पुलिस थाना मंडली और डीएसटी जोधपुर ग्रामीण की टीमों ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए नाकाबंदी के दौरान अवैध डोडा पोस्त से भरे ट्रक को जब्त करने में सफलता हासिल की है।

मंडली थानाधिकारी महेश गोयल ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक कुंदन कुंवरिया के निर्देशन में जिले में अवैध मादक पदार्थ की धरपकड़ को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मंडली थाना पुलिस व डीएसटी टीम जोधपुर ग्रामीण की टीम ने 11 जून की रात्रि को संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है।



उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि जोधपुर सीमा से परालिया की तरफ एक बंद बॉडी ट्रक आ रहा है, जिसमें अवैध मादक पदार्थ होने की पूर्ण संभावना है। सूचना के बाद पर दोनों टीमों ने सरहद परालिया में विशेष नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान एक बंद बॉडी ट्रक ग्वालनाडा से परालिया तरफ आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस की भनक लगते ही ट्रक चालक ट्रक को छोड़ अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। पुलिस ने ट्रक को चैक किया, तो उसमें भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ डोडा-पोस्त पाया गया। ट्रक से कुल 140 प्लास्टिक के कट्टों में भरे हुए 34.38 क्विंटल अवैध डोडा पोस्त को पुलिस ने जब्त कर लिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने अज्ञात तस्करों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज अग्रिम अनुसंधान शुरू कर दिया है।

## 22 लाख की अफीम पकड़ी, आरोपी गिरफ्तार

**चित्तौड़गढ़।** जिला विशेष टीम ने बिजयपुर पुलिस के साथ नाकाबंदी कर साढ़े चार किलो अफीम दूध के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त अफीम की ब्लैक मार्केट में कीमत 22 लाख रुपए से अधिक बताई गई है। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ कर तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। समस्त थानाधिकारियों व जिला विशेष टीम को अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में जिला विशेष टीम को सूचना मिली थी कि बिजयपुर थाना क्षेत्र में बरसिंग का गुड़ा गांव से बरसिंग का गुड़ा तिराहे की तरफ आने वाले एक व्यक्ति के पास भारी मात्रा में अवैध अफीम है। जिला विशेष टीम ने तत्काल इस सूचना से बिजयपुर थाना पुलिस को अवगत कराया। इस पर थानाधिकारी पन्ना लाल ने बरसिंग गुड़ा तिराहे पर नाकाबंदी की। डीएसटी की सूचना के मुताबिक़ बरसिंग का गुड़ा गांव की तरफ से एक संदिग्ध व्यक्ति हाथ में प्लास्टिक की एक बड़ी थैली लेकर आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस टीम को नाकाबंदी करते देख कर संदिग्ध व्यक्ति पुनः बरसिंग का गुड़ा गांव की तरफ भागने लगा। पुलिस ने उसे पीछा कर पकड़ लिया। पुलिस ने उसकी थैली की तलाशी ली तो 4.400 किलोग्राम अवैध अफीम मिली। पुलिस ने अवैध अफीम को जब्त कर आरोपी बरसिंग का गुडा निवासी सागरमल पुत्र नाथू लाल गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया।



### चाकसू पहुंचने पर सांसद का स्वागत

## कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के आशीर्वाद से मिली बड़ी जीत: मुरारी

**बेधड़क** | चाकसू

दौसा लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद मुरारी लाल मीणा चुनाव में जीत के बाद पहली बार चाकसू पहुंचे। इस पर कार्यकर्ताओं और स्थानीय भाजपा नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओ में जोश का आलम ये था कि भीषण गर्मी के बावजूद सांसद मुरालाल लाल के स्वागत के लिए वे डटे रहे। मीणा के समर्थन में नारे लगाते हुए जगह-जगह उनका स्वागत किया गया। इसके लिए कई जगहों पर स्वागतद्वार बनाए गए।

कार्यकर्ताओं ने सांसद मीणा को फूल व मालाओं से लाद दिया। इस मौके पर सांसद ने जीआर पैराडाइज मैरिज गार्डन में धन्यवाद सभा को भी संबोधित किया। इसमें उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओ की एकजुटता से की गई मेहनत और जनता के आशीर्वाद से उन्हें इतनी बड़ी जीत मिली है। क्षेत्र की जनता और कार्यकर्ताओ ने उन पर जो विश्वास जताया है, उसको वे हमेशा बनाए रखेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। सभी जगहों पर बिना भेद-भाव के विकास कार्य करवाए जाएंगे। इस मौके पर पूर्व विधायक वेदप्रकाश सोलंकी, प्रकाश चंद बैरवा, ब्लॉक अध्यक्ष भरतलाल मीणा, पूर्व अध्यक्ष गंगाराम मीणा, पालिका चेयरमैन कमलेश बैरवा, पूर्व चेयरमैन अब्दुल हमीद खोखर, एलएल कुमावत, राजेन्द्र गुर्जर, जिला परिषद सदस्य मदन लाल जाट, शिवप्रताप हरषाना, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष कविता गुर्जर, सीताराम नेनीवाल समेत पार्षद- सरपंच कई जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया

## भतीजी के ससुर व जेठ की लाठी-फर्से से हत्या

**बेधड़क** | अलवर

भतीजी के लव मैरिज करने से खफा चाचा ने परिजनों के साथ मिलकर बुधवार रात सदर थाना इलाके के पहाड़ी बास गांव में भतीजी के ससुर व जेठ की लाठी-फर्से से हत्या कर दी। पुलिस ने हत्या के आरोप में चाचा सहित चार लोगों को हिरासत में लिया है। मृतक 50 साल का सूरज कुमार व उसका 27 साल का बेटा रोबिन है।

पुलिस व परिजनों ने बताया कि पहाड़ी बास गांव के शुभम ने गांव की रहने वाली स्नेहा से इसी साल 14 मई को कोर्ट मैरिज की थी। शुभम का बड़ा भाई रोबिन गुडगांवा में फिश एक्वेरियम का काम करता है। शादी के बाद शुभम भी भाई रोबिन के पास रहने चला गया। बुधवार रात रोबिन गुडगांवा से घर आ रहा था। पिता सूरज कुमार उसे चिकानी बस स्टैंड पर बाइक से घर लेकर आ रहा कि रास्ते में पहाड़ी बास में ही घर से करीब 50 मीटर दूर घात लगाकर बैठे स्नेहा के चाचा दयाल कुमार व चार-पांच लोगों ने पिता पुत्र पर लाठी-फर्से से हमला कर दिया।



हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना का पता लगने पर सूरज के परिजन व पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों घायलों को राजीव गांधी सामान्य चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की रिपोर्ट रोबिन के जीजा पवन कुमार ने सदर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। हत्या के मामले में पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है।

### मानसून के आगमन को देखते हुए सिंचाई विभाग अलर्ट

# जिले के बांध और तालाब रीते... बारिश का इंतजार, 54 में सिर्फ 7 में पानी

**बेधड़क** | अजमेर

प्रदेश में मानसून की दस्तक 20 से 25 जून तक हो सकती है। लिहाजा अजमेर का सिंचाई विभाग अलर्ट हो गया है। जिले में 54 बांध और तालाब हैं। इनमें से केवल 7 बांध व तालाब में पानी है, जबकि शेष सुख चुके हैं।

वहीं, मानसून को देखते हुए सिंचाई विभाग अब बांध और तालाबों के रख रखाव संबंधित कार्यों को अंतिम रूप देने में लग गया है। इसके अलावा मानसून के दौरान बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए और सभी बांधों व तालाबों की नियमित निगरानी की भी व्यवस्था की गई है। 15 जून से सिंचाई विभाग के खंड 2 कार्यालय में कंट्रोल रूम का संचालन भी शुरू हो जाएगा। दरअसल, जिले में कृषि व्यवस्था पूरी तरह से बारिश पर निर्भर है। बारिश नहीं होने पर किसान ट्यूबवेल से सिंचाई करते हैं। इसी तरह पेयजल के लिए अजमेर के लाइफलाइन बीसलपुर बांध है। बीसलपुर परियोजना से जिले को पानी की सप्लाई होती है, लेकिन इसके बावजूद भी यहां लोगों को अपनी प्यास बुझाने के लिए भूजल का सहारा लेना पड़ता है। यही वजह है कि जिले के अधिकांश क्षेत्रों में भूजल स्तर काफी नीचे चला गया है। बारिश की कमी ने हालात को और भी विकट बना दिया है।



बारिश में बांध और तालाबों में पानी की आवक होती है, लेकिन पानी ज्यादा दिनों तक नहीं टिक पाता है। भूजल स्तर कम होने से पानी रसातल में चला जाता है। इसी कारण भूतल पर बने बांध और तालाब ज्यादातर बारिश के बावजूद भी सूखे ही रहते हैं। जिले में सरफेस वाटर (भूमितल) और ग्राउंड वाटर (भूजल) की स्थिति दयनीय है। कई क्षेत्रों में तो ग्राउंड वाटर का स्तर 500 से 600 फीट तक पंहुच गया है।

### बांध तालाबों का रख-रखाव शुरू

मानसून की नजदीकियां आते ही बांध और तालाब के गेट ग्रीसिंग करवाई जा रही है। इसके अलावा ओवर फूल होने या बाढ़ की स्थिति शेर निपटने के लिए भी तैयारी पहले से की गई है। 2 नोका, मिट्टी से भरे कट्टे, ट्रैक्टर, जेसीबी समेत अन्य संसाधन तैयार कर लिए गए हैं। अजमेर जल संसाधन विभाग में अधिशासी अभियंता खंड द्वितीय सत्येंद्र मीणा ने बताया कि मानसून को देखते हुए सभी बांध और तालाब के गेट पर ऑयल गिसिंग का कार्य हो चुका है। बाढ़ नियंत्रण कंट्रोल रूम की स्थापना 15 जून को की जाएगी। उन्होंने बताया कि अधिक वर्षा होने पर कहीं और फूल की स्थिति बनती है तो उससे निपटने के लिए विभाग के पास 6 पंप सेट और दो नोका है। इसके अलावा 5 हजार मिट्टी से भरे कट्टो की व्यवस्था भी की है। ताकि बांध या तालाब टूटने की स्थिति में कट्टो की मदद से स्थिति को संभाला जा सके।



### ये जलस्रोत सहेजते हैं 'अमृत' अब सूखे

अजमेर में सिंचाई विभाग के अधीन बांध और तालाबों की कुल संख्या 54 है। इनमें अजमेर उपखंड में फॉयसागर, आनासागर झील और खानपुरा तालाब, ब्यावर उपखंड में मकरेड़ा, जवाजा, राजियावास, शिवसागर न्यारा, पुष्कर सरोवर और गोविंदगढ़ बांध में पानी है, जबकि शेष सभी बांध और तालाब सूख चुके हैं। वहीं अजमेर अधीक्षण अभियंता खंड एक में सभी 30 तालाब और बांध में शून्य जलस्तर है। इसके अलावा नारायण सागर जालिया, लोरडी बांध, देह सागर बदली, मानसागर जोताया, न्यू बरोल तालाब, अजगरा बांध, ताज सरोवर अरनिया, मदन सरोवर धनवा, मन्डोती बांध, विजय सागर फतेहगढ़, गज सागर सरवाड़, गोविंद सागर सरवाड़ सहित अन्य बांध सूख चुके हैं। अधीक्षण अभियंता कार्यालय द्वितीय खंड में 24 तालाब और बांध हैं। इनमें ब्यावर उपखंड में फुल सागर जालिया, नया तालाब बलाड़, पुराना तालाब बलाड़, राजियावास तालाब, काबरा तालाब, काली कंकार और देलवाड़ा तालाब रीते हैं। जबकि जवाजा तालाब में मामूली 1.89 फीट पानी है। खानपुरा तालाब में 1 फीट पानी है।

### राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से अजमेर जिला मुख्यालय पर होगी परीक्षा, 16 जून को अपलोड किए जाएंगे प्रवेश-पत्र

# 19 जून को होगी संग्रहाध्यक्ष, खोज व उत्खनन अधिकारी परीक्षा

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा संग्रहाध्यक्ष, खोज व उत्खनन अधिकारी (पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2023 का आयोजन 19 जून को सुबह 10 से 12.30 बजे तक एवं दोपहर 3 से 5.30 बजे तक अजमेर जिला मुख्यालय पर किया जाएगा।

परीक्षा में प्रत्येक प्रश्न-पत्र ओ.एम.आर के लिए उत्तर पत्रक के पाँचवें विकल्प को भरने के लिए 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। आयोग सचिव ने बताया कि परीक्षा के प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट एवं एसएसओ पोर्टल पर 16 जून को अपलोड किए जाएंगे। अभ्यर्थी यथाशीघ्र प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर लेवें।




प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध एडमिट कार्ड लिंक के माध्यम से आवेदन-पत्र क्रमांक व जन्म दिनांक प्रविष्ठ कर डाउनलोड किए जा सकेंगे। इसके अतिरिक्त एसएसओ पोर्टल पर लॉग—इन कर सिटीजन ऐप्स में उपलब्ध रिक्रूटमेंट पोर्टल लिंक से भी प्रवेश-पत्र को डाउनलोड किया जा सकता है।

### अनुचित साधनों के उपयोग पर 10 करोड़ तक जुर्माना

आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी किसी दलाल, मीडिएटर, समाजकंटक या अपराधी के बहकावे में न आएं। यदि कोई परीक्षा में पास कराने के नाम पर रिश्वत की मांग या अन्य कोई प्रलोभन व झांसा देता है तो प्रमाण सहित इस संबंध में जांच एजेंसी एवं आयोग कंट्रोल रूम नंबर 0145-2635200, 2635212 एवं 2635255 पर सूचित करें। परीक्षा में अनुचित साधन अपनाये जाने एवं अनुचित कृत्यों में संलिप्त होने पर राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय) अधिनियम, 2022 के तहत आजीवन कारावास, 10 करोड़ रुपए तक के जुर्माने से दण्डित एवं चल व अचल संपत्ति कुर्क कर जब्त की जा सकती है।

### मूल आधार कार्ड या अन्य दस्तावेज लाना होगा

अभ्यर्थियों को पहचान के लिए परीक्षा केंद्र पर मूल आधार कार्ड (रंगीन प्रिंट) लेकर उपस्थित होना होगा। यदि मूल आधार कार्ड पर फोटो पुरानी अथवा अस्पष्ट है तो अन्य मूल फोटो युक्त पहचान-पत्र यथा मतदाता पहचान-पत्र, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस जिसमें रंगीन एवं नवीनतम स्पष्ट फोटो हो, लेकर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित हो।

### 60 मिनट पूर्व तक दिया जाएगा प्रवेश

परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के 60 मिनट पूर्व तक ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके पश्चात् किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अभ्यर्थी नियत समय से पर्याप्त समय पूर्व परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक रूप से उपस्थित हो जाएं ताकि सुरक्षा जांच एवं पहचान का कार्य समय पर पूर्ण हो सके। देरी से आने पर तलाशी में समय लगने के कारण परीक्षा में शामिल होने से वंचित हो सकते हैं।

## Yuva स्टोरीज



### जापान साइंस सकूरा प्रोग्राम में प्रीती और आयुषी का हुआ चयन

**जयपुर।** जापान साइंस एंड टेक्नोलोजी एजेंसी की ओर से टोक्यो में 16 जून से 22 जून को आयोजित होने वाले सकूरा साइंस प्रोग्राम में भाग लेने के लिए केन्द्र सरकार के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय के दिशा-निर्देशानुसार कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, करणपुरा, हनुमानगढ़ की छात्रा प्रीती व स्वामी विवेकानन्द मॉडल स्कूल, पोकरण, जैसलमेर की छात्रा आयुषी पालीवाल का चयन हुआ है। जापान जाने से पूर्व गुरूवार को बालिकाओं का स्वागत राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अविचल चतुर्वेदी ने परिषद् कार्यालय में किया। बालिकाओं के चयन पर खुशी जाहिर करते हुए चतुर्वेदी ने उन्हें बधाई दी एवं जापान प्रवास के संबंध में आवश्यक परामर्श दिए। इस अवसर पर बालिका शिक्षा के उपायुक्त निशु कुमार, उपनिदेशक मधु शर्मा तथा सहायक निदेशक वंदना सिंह उपस्थित रहे।

### ओपन स्कूल बोर्ड में 10वीं व 12वीं में प्रवेश शुल्क कम लिया जाएगा

**जयपुर।** शासन सचिव स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल की अध्यक्षता में राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल के निष्पादक मण्डल की 15वीं बैठक बुधवार को शिक्षा संकुल जयपुर में आयोजित हुई। माध्यमिक शिक्षा एवं राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल के निदेशक आशीष मोदी ने बताया कि राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल में सन्दर्भ केन्द्रों की संख्या बढाने के साथ आरएसओएस में कक्षा 10 व 12 में प्रवेश शुल्क कम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों की सुविधानुसार ऑन डिमाण्ड परीक्षा की सुविधा उपलब्ध करवाने एवं घूमन्तु, शहरी मजदूर एवं जनजातीय क्षेत्र के वंचित एवं नरेगा श्रमिकों को पंजीयन करवाना तथा दिव्यांग, ट्रांसजेंडर एवं अनाथ का निःशुल्क पंजीयन करवाने, ऑनलाईन व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम में अभ्यर्थियों को 50 प्रतिशत अंक एप्लीकेशन पर लॉगिन करने तथा 50 प्रतिशत अंक ऑनलाईन टेस्ट पेपर के अनुपातिक आधार पर दिये जाने तथा अनुपस्थित अभ्यर्थी को विषय के सत्रांक का 35 प्रतिशत अंक देने का निर्णय लिया गया। बैठक में निदेशक प्रारंभिक शिक्षा सीता राम जाट, राज्य परियोजना निदेशक श्री अविचल चतुर्वेदी एवं वित्त विभाग, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर, तकनीकी शिक्षा, एनआईओएस, पंचायती राज विभाग के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### एमडीएसयू में दीक्षांत समारोह कल

**अजमेर।** महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय का 11वां दीक्षांत समारोह 15 जून को यूनिवर्सिटी के सभागार में होगा। यूनिवर्सिटी की ओर से दीक्षांत समारोह की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल कलराज मिश्र करेंगे। कार्यक्रम में विधानसभा स्पीकर उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा और जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत विशिष्ट अतिथि होंगे। दीक्षांत समारोह में 45 स्वर्ण पदक, एक कुलाधिपति पदक और 165 विद्या वाचस्पति की उपाधियां प्रदान किए जाएंगे।






### RTI और पीएम-पोषण के तहत बच्चों को मिलें मुफ्त सुविधाएं

**नई दिल्ली।** एनईपी 2020 के विजन को साकार करने के लिए शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एडवाइजरी जारी की है। इसके तहत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को आरटीई के तहत मुफ्त यूनिफॉर्म, मुफ्त पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। मंत्रालय ने समग्र शिक्षा योजना और पीएम पोषण के तहत मिड-डे मील उपलब्ध कराने की सलाह दी है। जारी नोटिस में समाज कल्याण विभाग के तहत विशेष स्कूलों में पढ़ने वाले दिव्यांग छात्रों और घर पर रहकर पढ़ाई कर रहे गंभीर और बहुदिव्यांग छात्रों की पोषण संबंधी जरूरतों को विशेष रूप से ध्यान में रखा गया है। इसके लिए केंद्र प्रायोजित पीएम पोषण योजना का दायरा बढ़ाया गया है, जिससे इन छात्रों को सूखा राशन या प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के रूप में मदद मिलेगी। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि CWSN सहित सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। इससे उनके शिक्षा के अधिकार को पूरा किया जा सकेगा और समावेशी शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा।

### समय सीमा में दस्तावेजों का करना होगा सत्यापन

# मुंबई विवि: यूजी प्रोग्राम की पहली मेरिट सूची जारी

**बेधड़क** | नई दिल्ली

मुंबई विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में विभिन्न स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए कुछ कॉलेजों की पहली मेरिट सूची 2024 जारी की है। जिन उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, वे संबंधित कॉलेजों की आधिकारिक वेबसाइटों पर मुंबई विवि की पहली मेरिट सूची देख सकते हैं। मुंबई विवि की मेरिट सूची में उम्मीदवार का नाम, रोल नंबर, पंजीकरण संख्या, प्रतिशत और आवंटित कॉलेज जैसे विवरण शामिल हैं। मेरिट सूची के साथ कट-ऑफ भी जारी कर दी है। एमयू यूजी पहली मेरिट सूची 2024 15 जून तक वैध है। दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया 14 जून से शुरू होगी। 20 जून तक फीस जमा होगी।




#### ऐसे करें चेक

- सबसे पहले एमयू कॉलेजों की आधिकारिक वेबसाइटों पर जाएं।
- अब कार्यक्रम के लिए मेरिट सूची के लिंक पर क्लिक करें।
- इसके बाद स्क्रीन पर एक पीडीएफ प्रदर्शित होगी।
- अब मेरिट सूची में अपना नाम खोजें।
- इसके बाद पीडीएफ डाउनलोड करें।

#### दूसरी सूची 21 जून को आएगी

मुंबई विश्वविद्यालय की दूसरी सूची 21 जून को जारी होगी, जबकि दस्तावेज सत्यापन और शुल्क भुगतान 22 जून से 27 जून किया जा सकेगा। एमयू यूजी तीसरी मेरिट सूची 28 जून को शाम 5 बजे जारी की जाएगी। दस्तावेज सत्यापन और शुल्क भुगतान 29 जून से 3 जुलाई तक किया जा सकेगा। मुबई विश्वविद्यालय द्वारा जारी आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया था कि कक्षाएं 4 जुलाई, 2024 से शुरू होंगी।

#### काउंसलिंग में भाग लेने वाले कॉलेज

जय हिंद कॉलेज, केलकर कॉलेज, रुइया कॉलेज, एसआईईएस कॉलेज, विल्सन कॉलेज, एनएम कॉलेज, बिड़ला कॉलेज, श्री गुरु नानक देव खालसा कॉलेज, भवन्स कॉलेज, सथाये कॉलेज सहित भाग लेने वाले कॉलेज, कक्षा 12 के स्कोर के आधार पर छात्रों को प्रवेश देंगे। छात्रों को सीट आवंटन की जांच करने के लिए एमयू प्रवेश पोर्टल पर उम्मीदवार लॉगिन में अपने आवेदन पत्र, पासवर्ड या जन्मतिथि दर्ज करनी होगी।

#### दस्तावेजों की सूची

मुंबई विश्वविद्यालय एडमिशन काउंसलिंग प्रक्रिया के दौरान जमा किए जाने वाले स्कैन किए गए दस्तावेजों की सूची यहां दी गई है

- कक्षा 10 की मार्कशीट की स्कैन की हुई कॉपी
- 12वीं कक्षा की मार्कशीट की स्कैन की गई कॉपी
- स्कैन की गई फोटोग्राफ
- स्कैन हस्ताक्षर
- स्थानांतरण प्रमाणपत्र
- जाति प्रमाण पत्र, यदि लागू हो।
- ईडब्लूएस प्रमाण पत्र
- भूतपूर्व सैनिक या पीडब्ल्यूडी प्रमाण पत्र, यदि लागू हो।
- योग्यता प्रमाण पत्र।

# नौ IIT और 16 NIT में ब्रांच नहीं हो सकेगी चेंज

**बेधड़क** | कोटा

जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम एडवांस्ड के बाद अब जोसा काउंसलिंग चल रही है। इसके जरिए आईआईटी और एनआईटी में एडमिशन मिल सकेगा। लाखों कैंडिडेट जेईई मेन व एडवांस्ड की रैंक पर कॉलेज ऑप्शन चुनने की एनालिसिस में जुटे हुए हैं। इस वर्ष 121 कॉलेजों की 865 ब्रांच को जोसा काउंसलिंग के दौरान भरना है। च्वाइस फिलिंग 18 जून तक चलेगी। इस दौरान ये सामने आया है कि देश की 9 आईआईटी और 16 एनआईटी ने बड़ा बदलाव इंजीनियरिंग की पढ़ाई के दौरान किया है, जिसके तहत कैंडिडेट के फर्स्ट ईयर की परफॉर्मेंस के आधार पर होने वाले ब्रांच बदलाव को बंद कर दिया है।

JoSAA Joint Seat Allocation Authority
संयुक्त सीट आवंटन प्राधिकरण
Joint Seat Allocation Authority

कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा की माने तो इस वर्ष कई प्रमुख आईआईटी व एनआईटी ने स्टूडेंट्स के प्रथम वर्ष की परफॉर्मेंस के आधार पर होने वाले ब्रांच अपग्रेडेशन के विकल्प को बंद कर दिया है। इन आईआईटी में शीर्ष आईआईटी मुम्बई, मद्रास, खड़गपुर, हैदराबाद, जम्मू, मंडी, भुवनेश्वर, धारवाड़ व धनबाद शामिल है। इसके अलावा 16 एनआईटी ने भी यह ऑप्शन बंद किए है, जिनमें एमएनआईटी जयपुर, एनआईटी इलाहाबाद, कालीकट, दिल्ली, हमीरपुर, सूरतकल, नागालैंड, पटना, पुडुचेरी, रायपुर, कुरूक्षेत्र, राउकेला, तिरूचिरापल्ली, वारंगल, सूरत और आंध्रप्रदेश शामिल हैं। अमित आहूजा ने बताया कि हर साल बड़ी संख्या में विद्यार्थी शीर्ष आईआईटी-एनआईटी की कोर ब्रांचों के अलावा लोअर-ब्रांचों को उनके नीचे के आईआईटी-एनआईटी की कोर ब्रांचों से ज्यादा प्राथमिकता में रखते थे।



### ग्लोबल फैटी लिवर डे पर कार्यक्रम

# गंभीर स्थितियों में लिवर कैंसर में बदल जाती है फैटी लिवर की बीमारी

**बेधड़क** | जयपुर

हर साल 13 जून को विश्व फैटी लिवर दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाकर लोगों को फैटी लिवर के प्रति जागरुक किया जाता है। इससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस बीमारी के प्रति सचेत किया जा सके। फैटी लिवर एक प्रकार की समस्या है, जिसमें आपका लिवर प्रभावित होता है। जो धीरे-धीरे डैमेज हो जाता है। इससे लिवर की कार्यक्षमता भी प्रभावित होने लगती है। भारत में 55 प्रतिशत लोग इस समस्या से ग्रसित हैं। एसएमएस मेडिकल कॉलेज के गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी के एचओडी डॉ. संदीप निझावन ने ग्लोबल फैटी लिवर डे पर आयोजित एक जागरूक कार्यक्रम में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस स्थिति में लिवर की कोशिकाओं में फैट की मात्रा जम जाती है। इससे लिवर खराब होने लगता है। फैटी लिवर दो तरह का होता है। नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर रोग और अल्कोहलिक फैटी लिवर। मोटापे, मधुमेह और मेटाबोलिक सिंड्रोम और अत्यधिक शराब के सेवन से जुड़ा होता है। यदि उपचार न किया जाए तो फैटी लिवर रोग अधिक गंभीर स्थितियों में बदल सकता है। जैसे की लिवर की सूजन, फाइब्रोसिस, सिरोसिस और यहां तक कि लिवर कैंसर भी। इन जटिलताओं को रोकने के लिए शुरुआती पहचान और जीवनशैली में बदलाव बहुत जरूरी है। इस दौरान उन्होंने इससे बचाव के टिप्स भी दिए।

## हॉस्पिटल केयर टेकर भर्ती में 41 अभ्यर्थियों की काउंसलिंग 19 को

**अजमेर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से हॉस्पिटल केयरटेकर (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग) प्रतियोगी परीक्षा 2022 के तहत 12 जून को जारी की गई अतिरिक्त विचारित सूची में सम्मिलित 41 अभ्यर्थियों की पात्रता जांच काउंसलिंग के माध्यम से 19 जून को सुबह 9:30 बजे आयोग कार्यालय में की जाएगी। अभ्यर्थियों को आवश्यक रूप से पात्रता जांच के लिए उपस्थित होना होगा। विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग के सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि परीक्षा के तहत पात्रता जांच के लिए 11 अक्टूबर को विचारित सूची तथा 7 मई को अतिरिक्त विचारित सूची जारी की गई थी। इनमें अस्थाई रूप से सम्मिलित अभ्यर्थियों के अधिक संख्या में अपात्र पाए जाने के कारण वापस अतिरिक्त विचारित सूची जारी कर टीएसपी क्षेत्र के 15 और नॉन टीएसपी क्षेत्र के 26 यानी कुल 41 अभ्यर्थियों को अस्थाई रूप से सूची में सम्मिलित किया गया है। अभ्यर्थियों को काउंसलिंग के लिए आयोग की वेबसाइट से काउंसलिंग लेटर, ऑनलाइन आवेदन पत्र की प्रति, विस्तृत आवेदन पत्र के लिए ऑनलाइन शुल्क की रसीद और आवश्यक दिशा निर्देश डाउनलोड कर विस्तृत आवेदन पत्र (दो प्रतियो में) समस्त प्रविष्टियां पूर्ण कर उपस्थित होना होगा।

**शिविर** | केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में एकमासीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर

# छात्र सीख रहे हैं प्राचीन व्याकरण और शास्त्र परम्परा

**बेधड़क** | जयपुर

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर परिसर में चल रहे एक मासीय आवासीय अखिल भारतीय व्याकरण शास्त्र प्रशिक्षण वर्ग में छात्र प्राचीन व्याकरण शास्त्र परम्परा का अध्ययन प्राचीन गुरुकुल पद्धति के माध्यम से किया जा रहा है। इसमें भारत के प्रसिद्ध शिक्षक अलग-अलग सत्रों में छात्रों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। अखिल भारतीय शास्त्र प्रशिक्षण वर्ग के राष्ट्रीय संयोजक प्रो. कुलदीप शर्मा ने बताया कि ये प्रशिक्षण शिविर केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के 3 परिसरों में आयोजित हो रहे हैं। इस प्रशिक्षण के लिए परीक्षा का आयोजन हुआ, इसमें चयनित छात्रों का साक्षात्कार के बाद इनका चयन हुआ है।



#### अभी तीन परिसरों में चल रहा है कार्यक्रम

जयपुर परिसर में व्याकरण शास्त्र प्रशिक्षण वर्ग, रघुनाथकीर्ति परिसर देव प्रयाग न्याय शास्त्र प्रशिक्षण वर्ग, राजीव गांधी परिसर श्रृंगेरी कर्नाटक में अद्वैत वेदांत का प्रशिक्षण वर्ग आयोजित हो रहे हैं। वर्ग का मुख्य उदेश्य युवा शास्त्रीय विद्वानो को अगली पीढ़ी के लिए तैयार करना है। अभी 3 शास्त्रों में यह प्रशिक्षण वर्गो की शुरुआत हुई है।

#### जयपुर परिसर में ये शिक्षक निभा रहे हैं प्रशिक्षण में भूमिका

जयपुर परिसर वर्ग संयोजक प्रो. विष्णु कांत पाण्डेय ने बताया कि पूरे भारत से पधारे विद्वानों ने प्रोढ़ मनोरमा ग्रन्थ के अजन्त प्रकरण का अध्ययन करवाया जा रहा हैं। जिसमे तुलसी कुमार जोशी, बिल्वेश कुमार शर्मा, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जम्मू परिसर के निदेशक आचार्य श्रीधर मिश्र व विवेकानंद मिशन इंस्टीट्यूट कोलकाता में आचार्य डॉ. नीरज भार्गव, प्रो. चंद्रशेखर भट्ट, प्रो. विष्णु नम्बुदिरी, प्रो. प्रियव्रत मिश्रा, डॉ. राजधर मिश्र, प्रो. वाईएस रमेश, संस्कृत भारती के अखिल भारतीय संघठन मंत्री, दिनेश कामत प्रो गोपाल कृष्ण शास्त्री ने छात्रों को प्राचीन व्याकरण प्रोढ़मनोरमा का ज्ञान प्रदान किया। विशिष्ट व्याख्यान के लिए आचार्य भारत भूषण त्रिपाठी केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय लखनऊ परिसर से पहुंचे। उन्होंने पाणिनी सूत्रों की व्याख्या की तथा उनके गूढतम रहस्य को बताया।



# 'मुगल-ए-आजम' से मुल्क को दिया पैगाम




ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

हिंदुस्तानी सिनेमा में फिल्म 'मुग़ल-ए-आज़म', संग-ए-मील की हैसियत रखती है। साल 1960 में आयी इस फिल्म का आज भी कोई जवाब नहीं। यह वाक़ई लाजवाब है ! फिल्म की रिलीज़ को साठ साल से ज़्यादा हो गए, लेकिन आज भी इसका ख़ुमार चाहने वालों के दिल-ओ-दिमाग़ से नहीं उतरा है। निर्देशक करीमउद्दीन आसिफ़ यानी के. आसिफ़ की दीवानगी और जुनून ही था कि तमाम आर्थिक परेशानियों और रुकावट के बाद भी 'मुग़ल-ए-आज़म' पूरी हुई और रिलीज़ होने के बाद इसने एक नया इतिहास बनाया। भारतीय फिल्मी इतिहास में न सिर्फ़ यह फिल्म हमेशा के लिए अमर हो गई, बल्कि के.आसिफ़ ने भी अपनी फिल्मी करियर की दूसरी ही फिल्म से अपने हुनर का लोहा मनवा लिया। देश-दुनिया में लोग उनकी निर्देशकीय क्षमता के क़ायल हो गए। उत्तर प्रदेश के छोटे से इलाके से आया नौजवान, देखते-देखते फिल्मी दुनिया का बेताज बादशाह बन गया। 14 जून, 1922 को इटावा में पैदा हुए करीमउद्दीन आसिफ़, फिल्मी दुनिया में स्टोरी टेलर बनने से पहले लेडीज़ टेलर थे। इटावा के अलावा उन्होंने मुंबई में भी कुछ दिन टेलरिंग की। टेलरिंग मज़बूरी थी, उनकी मंज़िल-ए-मक़सूद तो फिल्मी दुनिया थी। वे फिल्म बनाना चाहते थे। वह भी औरों से अलग। एक्टर-प्रोड्यूसर-डायरेक्टर नज़ीर, जो के.आसिफ़ के रिश्ते में मामू लगते थे, उन्होंने उनके साथ फिल्म 'सलमा' (साल 1943) में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर फिल्मों में अपना आग़ाज़ किया। फिल्म बनाने की बारीकियां सीखीं।

फिल्म डायरेक्शन में उतरने के लिए के.आसिफ़ को ज़्यादा लंबा इंतज़ार नहीं करना पड़ा। इक्कीस साल की उम्र में उन्हें फिल्म 'फूल' का डायरेक्शन मिल गया। कमाल अमरोही की कहानी पर बनी उनकी इस पहली ही फिल्म में पृथ्वीराज कपूर, सुरैया, वीना, दुर्गा खोटे और याक़ूब जैसे बड़े स्टार थे। फिल्म ख़ासा कामयाब रही। इतनी बड़ी स्टार कास्ट के साथ फिल्म बनाकर, वह फिल्मी दुनिया में चर्चा में आ गए। लोगों का आसिफ़ के काम पर ऐतबार बढ़ा, तो उनका यक़ीन और पुख़्ता हुआ। इसके बाद के.आसिफ़ ने इम्तियाज़ अली 'ताज' के मशहूर ड्रामे 'अनारकली' पर फिल्म बनाने का फैसला किया। उन्होंने कमाल अमरोही से इसकी कहानी सुनी हुई थी। वह कहानी उन्हें इतनी पसंद आई कि इसे फिल्माना उनका ख़्वाब हो गया। पर जब उन्होंने साल 1945 में यह फिल्म शुरू की, तो इसका नाम बदल दिया। 'मुग़ल-ए-आज़म', फिल्म का टाइटल तय हुआ। निर्माता शिराज़ अली हकीम ने 'मुग़ल-ए-आज़म' की तामीर में दिल खोलकर पैसा ख़र्च किया। फिल्म बन ही रही थी कि साल 1947 में मुल्क का बंटवारा हो गया। शिराज़ अली हकीम पाकिस्तान चले गए और फिल्म आधी बनने के बाद बंद हो गई। देश का जब माहौल साज़गार हुआ, तो के.आसिफ़ का 'मुग़ल-ए-आज़म' बनाने का ख़्वाब फिर जाग उठा। छह साल के बाद, उन्होंने फिल्म को दोबारा शुरू किया। लेकिन तब तक 'मुग़ल-ए-आज़म' का पूरा सेटअप और स्टार कास्ट बदल गई थी। अकबर के रोल के लिए के.आसिफ़ ने पृथ्वीराज कपूर, तो शहज़ादा सलीम के लिए दिलीप कुमार को साइन किया। वहीं अनारकली के रोल के लिए उन्होंने उस वक़्त के मशहूर हफ़्तावार अख़बार में बाक़ायदा एक इश्तिहार छपवाकर, हीरोइन की तलाश की और यह तलाश मधुबाला पर जाकर ख़त्म हुई।

### 14 जून... फिल्मकार के.आसिफ की जयंती



बहरहाल, 'मुग़ल-ए-आज़म' जब बनना शुरू हुई, तभी से यह फिल्म चर्चा में आ गई थी। ख़ास तौर पर इस फिल्म पर शाहाना खर्चे को लेकर। निर्माता शापूरजी पालोनजी मिस्त्री और के.आसिफ के बीच इस फिल्म के बजट को लेकर कई बार खींचतान हुई। यहां तक कि शापूरजी ने एक मर्तबा के.आसिफ को फिल्म से अलग करने तक का फैसला भी ले लिया, लेकिन 'मुग़ल-ए-आज़म' के जानिब के.आसिफ़ की दीवानगी और जुनून को देखकर, आख़िर में अपना फैसला बदल दिया। 1950 के दशक में जब पूरी फिल्म 2 से 3 लाख में बन जाती थी, तब के.आसिफ़ ने इस फिल्म के शीश महल के सेट पर ही 15 लाख रुपए ख़र्च किए थे और यह सेट एक साल में बनकर तैयार हुआ था। 'मुग़ल-ए-आज़म' की और भी कई ख़ासियत थीं। मसलन यह पहली भारतीय फिल्म है, जिसमें वार सींस इतने भव्य फिल्माए गए कि इन्हें देखकर असली जंग का एहसास होता है। के.आसिफ़ ने फिल्म के वार सींस के लिए इंडियन आर्मी की जयपुर केवेलरी की पूरी एक बटालियन जिसमें 8 हज़ार जवान, 2 हज़ार ऊंट और 4 हज़ार घोड़ों का इस्तेमाल किया और यह सींस छह महीने में पूरे हुए थे।

बहरहाल, के.आसिफ़ का ख़्वाब फिल्म 'मुग़ल-ए-आज़म', पन्द्रह साल में जाकर मुकम्मल हुई। 5 अगस्त, 1960 को जब यह फिल्म ऑल इंडिया रिलीज़ हुई, तो पूरे देश में हंगामा मच गया। चारों ओर इस फिल्म की शानदार स्टोरी, डायलॉग्स, अदाकारी, फिल्मांकन, गीत-संगीत, डायरेक्शन के ही चर्चे थे। फिल्म और इसके मधुर गीत—संगीत का इस कदर मेनिया था कि घंटों लाइन में लगकर, लोगों ने इस फिल्म के टिकिट खरीदे। मुंबई के 'मराठा मंदिर' सिनेमा हॉल में यह फिल्म 77 हफ़्ते तक हाउसफ़ुल चली।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

---

### माता धूमावती जयंती विशेष

# स्थिरप्रज्ञता की प्रतीक माता धूमावती



अशोक 'प्रवृद्ध'
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> *यद्यपि धूमावती को उनकी अशुभता के कारण दूर रहने वाली देवी की मान्यता प्राप्त है, लेकिन उन्हें कोमल हृदय और अपने भक्तों की प्रत्येक इच्छा को पूर्ण करने वाली देवी के रूप में भी वर्णित किया गया है। पुराणों में धूमावती को सिद्धियों अर्थात अलौकिक शक्तियों की दाता, सभी परेशानियों से बचावकर्ता, परम ज्ञान और मोक्ष सहित सभी इच्छाओं व पुरस्कारों की अनुदानकर्ता के रूप में प्रस्तुत किया गया है।*

गुप्त नवरात्रि में पूजनीय माता सती अर्थात पार्वती के दस रूपों में प्रत्येक स्वरूप की अपनी अलग महिमा, विशेषता व गुण है। भगवती का कोई रूप अत्यधिक भयंकर व दुष्ट संहारक है, तो कोई अत्यधिक सौम्य व भक्तों को सुख, शांति व समृद्धि प्रदायक है। इन सभी रूपों में सातवीं महाविद्या माता धूमावती का रूप अत्यधिक विचित्र, अद्भुत व डरावनी है। पौराणिक व तांत्रिक ग्रंथों के अनुसार माता धूमावती, देवी भगवती के विपरीत गुणों का प्रतिनिधित्व करती हैं। इसलिए इन्हें अलक्ष्मी अथवा ज्येष्ठा भी कहा जाता है। धूमावती देवी भगवती के नकारात्मक रूप का साक्षात प्रदर्शन है, लेकिन अपने इस रूप से माता अपने भक्तों के कई संकटों को दूर करती हैं। धूमावती देवी को विश्व में कलह उत्पन्न करने वाली तथा भूख से व्याकुल माता के रूप में प्रदर्शित किया गया है। इनके इस रूप को अनिष्ट के रूप में देखा गया है। ऋग्वेद के रात्रि सूक्त में वर्णित सुतरा नामक देवी को वर्तमान में माता सती के धूमावती रूप में देखा जाता है। सुतरा का अर्थ है- सुख पूर्वक तारने योग्य। तारा अथवा तारिणी को इनका पूर्व रूप बतलाया गया है। इसलिए आगमों में इन्हें अभाव और संकट को दूर कर सुख प्रदान करने वाली भूति कहा गया है। धूमावती माता स्थिरप्रज्ञता की प्रतीक है। इनका काकध्वज वासना ग्रस्त मन है, जो निरन्तर अतृप्त रहता है। जीव की दीनावस्था भूख, प्यास, कलह, दरिद्रता आदि इसकी क्रियाएं हैं, अर्थात वेद की शब्दावली में धूमावती कद्रु है, जो वृत्रासुर आदि को उत्पन्न करती है। पौराणिक मान्यतानुसार भगवान शिव द्वारा प्रकट की गई दस महाविद्याओं में सातवें स्थान पर पुरुष शून्या विधवा आदि नामों से जानी जाने वाली माता धूमावती का नाम आता है। इनका प्राकट्य ज्येष्ठ मास के शुक्लपक्ष की अष्टमी तिथि को हुआ है। इसलिए, इस दिन इनकी पूजन का विशेष विधान है। विधवा, भिक्षाटन, दरिद्रता, भूकंप, सूखा, बाढ़, प्यास, रुदन, वैधव्य, पुत्रसंताप, कलह इनकी साक्षात प्रतिमाएं हैं। डरावनी शक्ल, रुक्षता, अपंग शरीर जिनके दंड का फल है। इन सबकी मूल प्रकृति में पराम्बा



धूमावती ही हैं। यह श्रीकुल की सात देवियों में आती है। धूमावती नामक यह महाशक्ति अकेली है, तथा स्वयं नियन्त्रिका है। इसका कोई स्वामी नहीं है, इसलिए इसे विधवा कहा गया है। दुर्गा सप्तशती के अनुसार इन्होंने प्रतिज्ञा की थी कि उन्हें युद्ध में जीत लेने वाला तथा उनका गर्व चूर कर देने वाला ही उनका पति होगा। लेकिन ऐसा कभी नहीं हो सका। इसलिए यह कुमारी हैं, धन अथवा पतिरहित हैं अथवा अपने पति महादेव को निगल जाने के कारण विधवा हैं। नारद पांचरात्र के अनुसार इन्होंने अपने शरीर से सैकड़ों गीदड़ियों की तरह आवाज करने वाली उग्रचण्डिका को प्रकट किया था। शिव को निगलने का अर्थ है- उनके स्वामित्व का निषेध। असुरों के कच्चे मांस से इनकी अंगभूता शिवाएं तृप्त हुई, यही इनकी भूख का रहस्य है। पौराणिक वर्णनों में इन्हें विवर्ण, चंचल, काले रंग वाली, मैले कपड़े धारण करने वाली, खुले केशों वाली, विधवा, काकध्वज वाले रथ पर आरूढ़, हाथ में सूप धारण किए हुए, भूख-प्यास से व्याकुल तथा निर्मम आँखों वाली बताया गया है ।

पौराणिक व तांत्रिक ग्रंथों के अनुसार सती के द्वारा दक्ष यज्ञ में योगाग्नि के द्वारा स्वयं को जलाकर भस्म कर दिए जाने के समय उत्पन्न धुएं से धूमावती विग्रह का प्राकट्य हुआ था। एक अन्य मान्यतानुसार एक बार माता पार्वती को तीव्र भूख लगने पर उन्होंने भगवान शिव से भोजन मांगा। उस समय वहां भोजन उपलब्ध नहीं होने के कारण शिव ने उन्हें कुछ समय प्रतीक्षा करने को कहा। पार्वती ने कुछ समय तक प्रतीक्षा की, लेकिन कुछ देर बाद उनकी भूख और ज्यादा बढ़ जाने के कारण वे और अधिक व्याकुल हो गईं। इसी व्याकुलता में देवी पार्वती ने शिव को ही निगल लिया। शिव को निगलते ही शिव के शरीर में स्थित समुंद्र मंथन का विष माता के शरीर को जलाने लगा। जिसके कारण उनके शरीर से धुआं निकलने लगा। और उनका शरीर धीरे-धीरे बूढ़ा होता चला गया, जिसमें जगह-जगह झुर्रियां पड़ गई। इससे बेचैन होकर पार्वती ने शिव को अपने मुंह से बाहर उगल दिया। बाहर आकर शिव ने पार्वती से कहा कि तुम भूख से व्याकुल होकर अपने पति को ही निगल गई थी, इसलिए तुम्हारे इस रूप को विधवा होने का श्राप मिलेगा। इसके बाद पार्वती के इस रूप को बूढ़ी विधवा का रूप होने की मान्यता मिली, जिसे एक दरिद्र, भूख से व्याकुल व बेचैन स्त्री के रूप में पौराणिक वर्णनों में चित्रित किया गया है। इस रूप में माता के मुख पर बेचैनी, व्याकुलता, दरिद्रता, संशय, तड़प, थकान इत्यादि एकसाथ प्रदर्शित होते हैं। पौराणिक व तांत्रिक मान्यतानुसार माता धूमावती की उपासना विपत्ति नाश, रोगनिवारण, युद्धजय, उच्चाटन तथा मारण आदि के लिए की जाती है। शाक्त प्रमोद के अनुसार इनके उपासक पर दुष्टाभिचार का प्रभाव नहीं पड़ता है। संसार में रोग-दुःख के कारण चार देवता हैं। ज्वर, उन्माद तथा दाह रुद्र के कोप से, मूर्छा, विकलांगता यम के कोप से, धूल, गठिया, लकवा, वरुण के कोप से तथा शोक, कलह, क्षुधा, तृषा आदि निर्ऋति के कोप से होते हैं। शतपथ ब्राह्मण के अनुसार धूमावती और निर्ऋति एक हैं। इनका निवास ज्येष्ठा नक्षत्र है। यह लक्ष्मी की ज्येष्ठा है। इसलिए ज्येष्ठा नक्षत्र में उत्पन्न व्यक्ति जीवन पर्यन्त स्वास्थ्य अथवा किसी न किसी प्रकार के संघर्षों से लड़ता रहता है। तंत्र ग्रंथों के अनुसार धूमावती माता उग्रतारा ही हैं, जो धूम्रा होने से धूमावती देवी कही जाती हैं। दुर्गा सप्तशती में वाभ्रवी और तामसी नाम से इनका ही वर्णन है। ये प्रसन्न होकर रोग और शोक को नष्ट कर देती हैं तथा कुपित होने पर समस्त सुखों और कामनाओं को नष्ट कर देती हैं। इनकी शरणागति से विपत्ति नाश तथा सम्पन्नता प्राप्त होती है। धूमावती तंत्र में धूमावती माता एक बूढ़ी और कुरूप विधवा के रूप में वर्णित की गईं हैं। वे पतली, लंबी, अस्वस्थ हैं। उनका रंग पीला है। उन्हें बेचैन और दुष्ट बताया गया है। गहनों से अनअलंकृत, वे पुराने, गंदे कपड़े पहनती हैं और उनके बाल बिखरे हुए हैं। उनकी आंखें डरावनी एवं नाक लंबी और टेढ़ी है। उनके कुछ लंबे नुकीले दांत बाहर निकले हुए हैं, जिससे उनकी मुस्कान में दरार आ गई है। उनके कान बदसूरत और खुरदरे हैं। अपने एक कांपते हाथ में, वह एक जीती हुई टोकरी रखती हैं, जबकि दूसरा हाथ वरदान देने वाला अर्थात वरद-मुद्रा में अथवा ज्ञान देने वाला अर्थात चिन्मुद्रा में है। वह एक बिना घोड़े के रथ में सवार होती हैं, जिसमें एक कौआ का प्रतीक होता है। वे चतुर और चालाक हैं। हमेशा भूखी-प्यासी रह कर, धूमावती झगड़े की शुरुआत करतीं हैं और भय का आह्वान करती है। प्रपंच सरसार संग्रह में धूमावती को कृष्ण रंग के और सर्पों से निर्मित आभूषण धारण करने वाली कहा गया है। उनकी पोशाक श्मशान घाट से लिए गए लत्ता से बनी है। वह अपने दोनों हाथों में एक भाला और एक कपाल रखतीं हैं। कतिपय पुराणों में भाले के स्थान पर तलवार रखने का वर्णन है। और उन्हें बूढ़ी झुर्रीदार, क्रोधित चेहरे वाली, और धुएंदार रंग वाली कहा गया है। उनकी नाक, आंख, और गला एक कौए की भांति दिखाई देता है। वे अपने पास एक झाड़ू, एक पंखा, एक मशाल और एक क्लसब रखतीं हैं। उनके बाल अस्त-व्यस्त दिखाई देते हैं और वे एक भिखारी के साधारण कपड़े पहनती हैं। उनके बाल भूरे, दांत टेढ़े-मेढ़े और गायब हैं, और कपड़े पुराने और खराब हैं। धूमावती महिलाओं में तमस् तत्त्व की अभिव्यक्ति हैं और देवी लक्ष्मी के विपरीत हैं। अलक्ष्मी की तरह धूमावती वर्षा ऋतु के चार महीनों पर शासन करती हैं। यह चातुर्मास की अवधि होती है, और इस समय भगवान विष्णु सो रहे होते हैं। इस समय अंधेरा शासन करता है और आत्मा अपनी सामान्य चमक खो देती है। इस अवधि को अशुभ माना जाता है। इसलिए इस अवधि में विवाह आदि शुभ कार्य वर्जित हैं।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

---

### व्यंग्य

# यह छींका टूटेगा भी या नहीं !



राजेंद्र बज
व्यंग्यकार

छींका टांगा जा चुका है। जिस किसी बिल्ली के दिल के तार सीधे तौर पर छींके से जुड़े हुए हैं, वे बिल्लियां नाना प्रकार के विटामिन और प्रोटीन की शक्ति से परिपूर्ण हो चुकी हैं। आंखों में चमक के साथ उनकी आवाज में एक प्रकार से गजब का गुर्रीलापन है। चाल में अकड़ और गुर्राने में अजीब-सी ठसक है। अब छींका यदि किसी के रहमोंकरम पर ही टिका हो, तब तो छींके को टिकाए रखने वाली बिल्लियों के स्वभाव में भी गुरुर का तड़का लग जाया करता है। खूंटी अपने आप हरकत में नहीं आती। उसका हरकत में आना बिल्ली की इच्छा पर निर्भर रहा करता है।

छींके की गरमाहट में उससे संबद्ध बिल्लियां छींके को टंगे रहने या लटकाकर गिरा देने का सामर्थ्य रखा करती है। इस नाते ये बिल्लियां कभी-कभी आदमखोर शेर पर भी भारी पड़ जाती है। लोकतंत्र में हर बिल्ली के लिए छींका उसका " जनमत सिद्ध अधिकार " हुआ करता है। लोकतंत्र की मर्यादा के चलते किसी भी बिल्ली द्वारा छींके का मख्खन खुले तौर पर नहीं खाया जा सकता। लेकिन मक्खन का नियंत्रण में होना भी बिल्ली की ऊर्जा एवं चेतना में चार चांद लगा देता है। वैसे कुछ बिल्लियां छींके का मक्खन गटकने मे माहिर हुआ करती है, जिन्हें पकड़ना मुश्किल ही नहीं बल्कि नामुमकिन माना जाता है। खैर।

मुख्य रूप से बिल्लियां दो प्रकार की होती है। एक तो वह जो जनमत मंथन में बहुमत का पंचवर्षीय अमृत कलश लेकर प्रकट होती है, दूसरी वह जो भरपूर प्रयासों के बाद भी ऐसे बहुमत से वंचित रह जाने को बाध्य हो जाती है। एक प्रकार से इन बिल्लियों को संतुष्ट और असंतुष्ट बिल्लियो के नाम से भी पुकारा जा सकता है। गरज यह कि जिस बिल्ली का भाग्य एवं पुरुषार्थ प्रबल होता है, यह कलश उसे हस्तांतरित कर दिया जाता है। मक्खन से वंचित बिल्लियों के नसीब में छींके के टूट जाने की उम्मीद के सहारे टुकुर- टुकुर ताकना ही लिखा होता है। यानी कि ये बिल्लियां टूंगती रह जाया करती है। कुछ अपने नसीब को रोती नजर आती हैं।

एकल खूंटी के बजाय बड़ी खूंटी को सहारा देती छोटी-छोटी खूंटियो के सहयोग से टिकी खूंटी पर छींका टंगा हुआ है। बिल्ली बड़ी हो या छोटी, लेकिन हर असंतुष्ट बिल्ली हमेशा छींके के टूटने का ख्वाब मन में संजोए रहा करती है। और यह उसका अधिकार भी है। अब बिल्ली के भाग्य में छींका है या नहीं, यह तो परिस्थितियों पर ही निर्भर करता है। लेकिन लोकतंत्र में किसी भी स्थिति में किसी भी बिल्ली के छींके के टूटने की चाहत के भाव या स्वभाव पर आपत्ति व्यक्त करना अलोकतांत्रिक कृत्य माना जाता है। वैसे तो छींके के टंगे रहने के लिए कुछ मूलभूत शर्तों का परिपालन करना होता है। जिसके अंतर्गत छींके की छांव में रह रहे प्राणियों को छींके की शीतलता का लाभ मिलना जरूरी माना जाता है।

---

### नॉलेज कॉर्नर: केंद्र सरकार ने हाल ही में आर्मी का नया चीफ बनाया उपेंद्र द्विवेदी को

# आर्मी चीफ की ये हैं शक्तियां और अधिकार!

केंद्र सरकार ने भारतीय सेना के नए आर्मी चीफ लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी को बनाया है। द्विवेदी इस पोस्ट पर जनरल मनोज पांडे की स्थान लेंगे। लेकिन क्या आप जानते हैं कि सेना के आर्मी चीफ के पास कौन-कौन सी शक्तियां होती है। क्या कोई भी आर्मी चीफ जंग के आदेश दे सकता है? आर्मी चीफ के पास कौन-कौन से अधिकार होते हैं ? आज के नॉलेज कॉर्नर में यह सब जानकारी बताई जा रही है

### पिछले आर्मी को चीफ को दिया था एक महीने का एक्सटेंशन

गौरतलब है कि तत्कालीन आर्मी चीफ मनोज पांडे पिछले महीने मई महीने के अंत में रिटायर होने वाले थे। लेकिन सरकार ने जनरल मनोज पांडे के रिटायरमेंट से छह दिन पहले एक महीने का एक्सटेंशन दे दिया था। एक महीने के एक्सटेंशन के बाद कयास लगाए जा रहे थे कि मनोज पांडे को सरकार एक साल के लिए एक्सटेंशन दे सकती है। लेकिन अब रक्षा मंत्रालय ने बताया कि



अगले आर्मी चीफ लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी होंगे। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आर्मी चीफ के पास कौन-कौन से अधिकार होते हैं और वो जंग से जुड़े कौन-कौन से फैसले कर सकते हैं।

### जंग को लेकर सरकार को देते हैं अहम सुझाव

आर्मी चीफ सेना से जुड़े सभी बड़े फैसलों में अपनी सहमति और असहमति दर्ज कर सकते हैं। सेना में किसी बदलाव को लाने के लिए रक्षा मंत्रालय को सुझाव भी दे सकते हैं। लेकिन सवाल ये है कि क्या आर्मी चीफ किसी भी स्थिति में जंग को लेकर आदेश दे सकते हैं? जानकारी के मुताबिक किसी भी देश के साथ जंग जैसी स्थिति होने पर रक्षा मंत्रालय फैसला लेता है। हालांकि इस विषय पर बातचीत में आर्मी चीफ भी मौजूद होते हैं और अपने अहम सुझाव देते हैं। लेकिन ये कहना गलत होगा कि आर्मी चीफ अकेले फैसला लेकर जवानों को जंग में जाने के लिए कह सकते हैं। दरअसल हर जगहों की अपने नियम बने हुए हैं, जिसका पालन सभी अधिकारियों को करना होता है।

### मिलता है ढाई लाख रु. वेतन और अन्य सुविधाएं

*सेना में ब्रिगेडियर के पद पर पहुंचने वाले ही आगे चलकर मेजर जनरल बनते हैं। मेजर जनरल के बाद आखिरी पद आर्मी चीफ का होता है। ये पोस्ट काफी समझदार, सुलझे हुए आर्मी अफसर को दी जाती है। इस पद पर 2,50,000 की सैलरी मिलती है।*

*कंटेंट: बजरंग बनुकर*

---

X



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
देश की सुरक्षा में राजस्थान के वीर हमेशा आगे रहे हैं। भारत माता की रक्षा के लिए श्री जीतराम गुर्जर जी शहादत देकर अमर हो गए। सुंदरावली की मातृभूमि पर शहीद जीतराम गुर्जर जी की प्रतिमा का अनावरण करके खुद को गौरवान्वित और सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने इस देश और मातृभूमि के लिए खुद को कुर्बान कर दिया।



**प्रियंका गांधी,** कांग्रेस महासचिव
@priyankagandhi
उत्तर प्रदेश पुलिस में सब इंस्पेक्टर के स्तर पर आउटसोर्सिंग के जरिये भर्तियों पर विचार किया जा रहा है। इस संबंध में जिलों के अधिकारियों को पत्र भेजा गया था जो कि सोशल मीडिया पर वायरल है। भाजपा सरकार ने अग्निपथ स्कीम लाकर हमारी सेना और युवाओं का भविष्य दोनों कमजोर किया। अब यूपी पुलिस में यही खेल करने का प्रयास चल रहा है। भाजपा की सरकारें देश की हर एक संस्था को बेहतर बनाने की जगह उन्हें कमजोर करने का काम कर रही हैं।

## विधानसभा चुनाव को लेकर महाराष्ट्र में सियासी घमासान शुरू, शरद पवार और मनसे तैयारियों में जुटे

# राज्य की कमान हमारे हाथ में हो, विस चुनाव में जीत जरूरी: शरद पवार

■ मनसे 225-280 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए रहे तैयार: राज ठाकरे

एजेंसी | मुंबई

लोकसभा चुनावों के बाद महाराष्ट्र में अगामी विधानसभा चुनावों को लेकर सियासी घमासान अभी से शुरू हो गया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एससीपी) शरद पवार ने कहा है कि अगले तीन से चार महीनों में राज्य में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। चाहे कुछ भी हो, मेरा प्रयास है कि राज्य की कमान मेरे हाथ में हो। इसके लिए हमें इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करनी होगी। वहीं, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने गुरुवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से राज्य विधानसभा की 288 सीट में से 225-250 सीट पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार रहने को कहा।

पवार ने गुरुवार को बारामती के शिरसुफल गांव में पार्टी



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए याद दिलाया कि वह चार बार राज्य के मुख्यमंत्री, एक दशक तक केंद्रीय कृषि मंत्री और दो साल तक रक्षा मंत्री रहे हैं। ये सभी चीजें तब हो सकती हैं जब आपकी सामूहिक शक्ति हो। आपने मेरे सामने जो मुद्दे रखे हैं, मैं उनका समाधान करने का प्रयास करूंगा। हालांकि, मैं अभी आश्वासन नहीं दे सकता, क्योंकि एक अलग सरकार है। लेकिन चार महीने बाद हम निश्चित रूप से इन मुद्दों का समाधान कर सकते हैं। पवार ने चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणियों की आलोचना की। उन्होंने कहा, चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री ने उन विषयों पर बात की, जिनसे बचना चाहिए था।

### मनसे पदाधिकारी करेंगे राज्य का दौरा, चुनाव तैयारी पर सौंपेंगे रिपोर्ट



दूसरी ओर मनसे नेता बाला नंदगांवकर ने मुंबई में एक बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि पार्टी प्रमुख राज ठाकरे ने पार्टी कार्यकर्ताओं से विधानसभा चुनाव में 225 से 250 सीट पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार रहने को कहा। उन्होंने कहा कि पार्टी पदाधिकारी राज्य के अलग-अलग क्षेत्रों का दौरा करेंगे और चुनाव तैयारियों के बारे में ठाकरे को रिपोर्ट देंगे। ज्ञात रहे कि मनसे ने लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा नीत राजग को समर्थन देने की घोषणा की थी। राज ठाकरे ने एनडीए के लिए प्रचार भी किया था।

### मनसे ने अपने दम पर चुनाव लड़ा

नंदगांवकर ने कहा कि हमने अब तक अपने दम पर चुनाव लड़ा है। हम देखेंगे कि भविष्य में क्या होता है। वर्ष 2006 में गठित मनसे ने 2009 में अपना पहला विधानसभा चुनाव लड़ा था और 13 सीट पर जीत दर्ज की थी। राज्य में 2014 और 2019 में हुए चुनाव में इसका प्रदर्शन हालांकि निराशाजनक रहा और पार्टी को हर बार सिर्फ एक सीट ही मिली। पार्टी के एक अन्य नेता संदीप देशपांडे ने बताया कि बैठक में ठाकरे ने कहा कि विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) को मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में नरेंद्र मोदी विरोधी वोट मिले, लेकिन मराठी भाषी क्षेत्रों में उसे ज्यादा समर्थन नहीं मिला। देशपांडे ने राज के हवाले से कहा कि मराठी भाषी उद्धव ठाकरे से नाराज थे क्योंकि उन्होंने कांग्रेस और एनसीपी (एससीपी) से हाथ मिला लिया था।

### गडकरी ने की आडवाणी से भेंट लिया आशीर्वाद



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता नितिन गडकरी गुरुवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी के आवास पर पहुंचे। यहां उन्होंने आडवाणी से मुलाकात की। उन्होंने मुलाकात का वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया। एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा- वरिष्ठ नेता, हमारे मार्गदर्शक भारत रत्न लालकृष्ण आडवाणी से भेंट। वीडियो में दिख रहा है कि वे हाथ जोड़कर आडवाणी के सामने आए। उन्होंने उनके पैर छूकर उनसे आशीर्वाद लिया। साथ में उनकी पत्नी भी थी। उनकी पत्नी ने भी उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद गडकरी ने अपनी पत्नी के साथ उन्हें गुलदस्ता भेंट किया।

### मराठा आरक्षण: जरांगे ने स्थगित की भूख-हड़ताल

**मुंबई।** मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने मराठा आरक्षण के मसले को लेकर जारी अपनी अनिश्चितकालीन भूख-हड़ताल को स्थगित करने की घोषणा की है। जरांगे पिछले छह दिनों से हड़ताल पर थे। राज्य सरकार के एक प्रतिनिधिमंडल ने जरांगे से मुलाकात कर इस मुद्दे को हल करने के लिए समय मांगा है। राज्य मंत्री शंभुराज देसाई, सांसद संदीपन भूमरे, विधायक राणाजगजीतसिंह पी. पाटिल और अन्य अधिकारी जरांगे से मिलने अंतरावली-सरती गांव पहुंचे, जहां वह 8 जून को आंदोलन कर रहे थे। जरांगे ने प्रतिनिधिमंडल की अपील के बाद अपना अल्टीमेटम 13 जुलाई तक बढ़ाने पर सहमति जताई, ताकि सरकार मराठा आरक्षण के लिए आवश्यक कदम उठा सके। वे मराठा समुदाय को ओबीसी के तहत आरक्षण की मांग कर रहे हैं। जरांगे मराठा समुदाय के लोगों को कुंबी जाति प्रमाणपत्र देने की मांग कर रहे हैं।

## अरुणाचल प्रदेश: भाजपा ने फिर की सत्ता में वापसी

# CM खांडू ने तीसरी बार संभाली राज्य की कमान

एजेंसी | ईटानगर

भारतीय जनता पार्टी के नेता पेमा खांडू ने गुरुवार को लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) के टी परनाइक ने दोरजी खांडू स्टेट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित समारोह में सीएम पेमा खांडू के अलावा 11 अन्य मंत्रियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। जिनमें चौना मीन, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पीडी सोना, भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष बियुराम वाहगे और पूर्व मुख्यमंत्री कलिखो पुल की पत्नी दासंगलू पुल शामिल हैं। दासंगलू पुल अकेली महिला मंत्री हैं, जबकि नए मंत्रिमंडल में आठ नए चेहरे शामिल हैं। मंत्रिमंडल में शामिल किए गए अन्य लोगों में निर्विरोध जीत हासिल करने वाले न्यातो डुकम भी हैं। चाउना मीन राज्य के उपमुख्यमंत्री होंगे।

भाजपा ने 60 सदस्यीय विधानसभा में 46 सीट पर जीत हासिल कर लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश की सत्ता में वापसी की है। पेमा खांडू के दूसरे कार्यकाल में मंत्री रहे होनचुन नगांडम, एलो लिबांग और नाकप नालो को इस बार मंत्रिमंडल में




### वादे पूरे करने के लिए करूंगा काम: खांडू

मुख्यमंत्री खांडू ने गुरुवार को जोर देकर कहा कि उनकी सरकार भाजपा के चुनावी घोषणापत्र में किए गए वादों को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। खांडू ने शपथ लेने के बाद कहा कि पूर्वोत्तर में केंद्र सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों के कारण ही भाजपा राज्य की सत्ता में लौटी है। उन्होंने कहा, हम सभी वादों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अगले पांच वर्ष जनता के कल्याण और विकास के चुनावी वादों के आधार पर सरकार चलाएंगे।

जगह नहीं मिली है। जबकि चाउना मीन, वांगकी लोवांग और मामा नटुंग को फिर से नए मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार जिन मंत्रियों को इस बार मंत्रिमंडल में नहीं शामिल किया गया है, इसके पीछे का कारण उनका खराब प्रदर्शन है। वहीं राज्य में 19 अप्रैल को हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने सरकार में मंत्री पद संभाल रहे कई नेताओं को टिकट भी नहीं दिया था। शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा, सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग के साथ भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद और तरुण चुग भी मौजूद रहे।

### पीएम मोदी ने दी बधाई



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने पर पेमा खांडू और उनकी मंत्रिपरिषद के सदस्यों को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा, लोगों की सेवा करने के उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हें मेरी शुभकामनाएं। यह टीम सुनिश्चित करेगी कि राज्य का विकास और भी तेज गति से विकास हो। ज्ञात रहे कि केंद्रीय पर्यवेक्षक भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद और तरुण चुघ बुधवार को ईटानगर पहुंचे थे। इस दौरान, उन्होंने भाजपा विधायक दल की बैठक बुलाई और खांडू को विधायक दल का नेता चुना गया। बाद में चुघ और कई विधायकों के साथ खांडू ने राज्यपाल से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया था।

## लोकसभा स्पीकर का चुनाव 26 जून को

# बिरला समेत कई नेता हैं दौड़ में सर्वसम्मति नहीं बनी तो मतदान

एजेंसी | नई दिल्ली

चुनाव अठारहवीं लोकसभा के नए अध्यक्ष का चुनाव 26 जून को होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी। सूत्रों के अनुसार लोकसभा के नए अध्यक्ष पर के नाम पर सर्वसम्मति होने पर चुनाव की नौबत नहीं आएगी लेकिन अगर विपक्ष अपनी तरफ से भी उम्मीदवार खड़ा करता है, तो 26 जून को नए अध्यक्ष के चुनाव के लिए मतदान हो सकता है। ज्ञात रहे कि लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव आम तौर पर लोकसभा के नए सदस्यों की पहली बैठक में किया जाता है। अध्यक्ष चुने जाने से पहले, एक सांसद को प्रो-टेम (सीमित अवधि के लिए) स्पीकर के रूप में चुना जाता है। प्रो-टेम अध्यक्ष नए सदन में सांसदों के शपथ ग्रहण की अध्यक्षता भी करता है और अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के लिए मतदान का संचालन करता है। लोकसभा की बैठक 24 जून से शुरू होगी। जिसमें नवनिर्वाचित सदस्य शपथ ग्रहण करेंगे राज्यसभा की बैठक 27 जून से शुरू होगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 27 जून को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी और अगले पांच वर्षों के लिए नई सरकार के रोडमैप की रूपरेखा पेश करेंगी। संसद सत्र 3 जुलाई तक चलेगा।

### पीएम के विदेश यात्रा से लौटने पर स्पीकर के नाम पर होगी चर्चा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इटली के दौरे से लौटने के बाद लोकसभा के नए अध्यक्ष के नाम पर विचार-विमर्श किया जाएगा। भाजपा पहले पार्टी के स्तर पर लोकसभा के भावी अध्यक्ष का नाम तय करेगी, इसके बाद सहयोगी दलों के साथ उस नाम पर विचार-विमर्श किया जाएगा। अगर सहयोगी दल की तरफ से कोई सुझाव या मांग आती है, तो भाजपा फिर नए फॉर्मूले पर विचार करेगी। दरअसल, तीसरे कार्यकाल में भाजपा के पास 2014 और 2019 की तरह लोकसभा में बहुमत नहीं है, इसलिए कयास लगाए जा रहे हैं कि टीडीपी लोकसभा के अध्यक्ष का पद मांग रही है। वहीं जेडीयू के भी लोकसभा अध्यक्ष पर मांगे जाने की चर्चा है। लेकिन भाजपा सूत्रों का कहना है कि पार्टी अध्यक्ष का पद अपने पास रखना चाहती है। उधर, इस तरह की भी खबरें हैं कि राजस्थान की कोटा लोकसभा सीट से लगातार तीसरी बार चुनाव जीतने वाले ओम बिड़ला को एक बार फिर से लोकसभा स्पीकर की कमान सौंपी जा सकती है। इसके अलावा आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की पत्नी की बहन डी पुरंदेश्वरी के नाम पर भी चर्चा चल रही है।

### संसद की अगली बैठक जुलाई के अंत में संभव

संसद के दोनों सदनों की अगली बैठक जुलाई के तीसरे सप्ताह में बुलाई जा सकती है जिसमें केंद्रीय बजट पेश किया जाएगा। इसी के साथ वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लगातार सात केंद्रीय बजट पेश करने वाली पहली वित्त मंत्री बन जाएंगी। आगामी बजट के साथ वह मोरारजी देसाई के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ देंगी। देसाई ने लगातार छह बजट पेश किए थे।

### लोकसभा को 10 साल बाद मिलेगा नेता प्रतिपक्ष

मौजूदा लोकसभा चुनाव में 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों की सीटों की संख्या बढ़ने के साथ ही निचले सदन को 10 साल बाद विपक्ष का नेता मिलेगा और विपक्षी नेताओं को यह भी उम्मीद है कि जल्द ही उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव होगा। लोकसभा में पिछले पांच साल से उपाध्यक्ष का पद रिक्त है। पांच जून को भंग हुई 17वीं लोकसभा को अपने पूरे कार्यकाल के लिए कोई उपाध्यक्ष नहीं मिला।

## कांग्रेस ने महंगाई को लेकर पीएम मोदी पर साधा निशाना

# खाने की चीजों के दाम 8.5% बढ़े

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस ने महंगाई को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा है कि मोदी है तो महंगाई है! चार महीनों से खानों की चीजों के दाम 8.5 प्रतिशत से अधिक हो गए हैं। दालों में 10 प्रतिशत से अधिक महंगाई बढ़ी है! मई में कीमतें 17.14 प्रतिशत तक बढ़ी हैं।

विपक्षी दल का यह बयान हाल ही में जारी सरकारी आंकड़ों के एक दिन बाद आया है जिसमें कहा गया है कि खाद्य पदार्थों की कीमतों में मामूली गिरावट के



कारण मई में खुदरा मुद्रास्फीति में गिरावट जारी रही और यह एक साल के निचले स्तर 4.75 प्रतिशत पर पहुंच गई। जयराम रमेश के मुताबिक, घोषणापत्र में पीडीएस में दालों को शामिल करने, गरीबों के लिए प्रोटीन का सेवन बढ़ाने और उन्हें महंगाई से बचाने की भी वकालत की गई थी। जयराम रमेश ने कहा, दालों की महंगाई दर पिछले एक साल में लगातार दोहरे अंक में - 10 प्रतिशत से ज्यादा है, मई में कीमतें 17.14 प्रतिशत तक बढ़ी हैं।

उन्होंने आगे कहा, प्रधानमंत्री के पास इस संकट का कोई समाधान नहीं है। नेशनल स्टेटिस्टिक्स डाटा की तरफ से आई जानकारी के मुताबिक, मई में महंगाई 8.69 प्रतिशत थी। इसके बाद ये अप्रैल में 8.70 प्रतिशत से थोड़ी कम हो गई। जनवरी 2024 से महंगाई के आंकड़ों में काफी बदलाव देखा गया। फरवरी में 5.1 प्रतिशत से लेकर अप्रैल 2024 में 4.8 प्रतिशत तक थी।

### तमांग की पत्नी ने दिया विधायक पद से इस्तीफा

**गंगटोक।** सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) पार्टी से नामची-सिंघीथांग विधानसभा सीट से नवनिर्वाचित विधायक कृष्णा कुमारी राय ने सदन की सदस्यता से अपना इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को अपना इस्तीफा सौंपा है। बता दें कि उन्होंने विधायक पद की शपथ लेने के ठीक एक दिन बाद अपने पद से इस्तीफा दिया है। मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने कहा कि मेरी पत्नी और विधायक कृष्णा कुमारी राय ने पार्टी के कल्याण और उद्देश्यों को प्राथमिकता देते हुए, पार्टी के सर्वसम्मत निर्णय के अनुरूप अपनी सीट खाली की है

## नामांकन पत्र भरा, 25 को होगा उपचुनाव

# सुनेत्रा पवार जाएंगी राज्यसभा में

एजेंसी | मुंबई

महाराष्ट्र में राज्यसभा की एक सीट को लेकर सस्पेंस खत्म हो गया है। राज्य के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार ने गुरुवार को राज्यसभा चुनाव के लिए राकांपा (अजित पवार) उम्मीदवार के तौर पर पर्चा दाखिल कर दिया। इस पद के लिए स्वयं चुनाव लड़ने के इच्छुक रहे पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्य सरकार में मंत्री छगन भुजबल ने कहा- हालांकि वह चुनाव लड़ने के इच्छुक थे, लेकिन वह सुनेत्रा पवार के नामांकन से नाराज नहीं हैं। इसे उन्होंने पार्टी का सामूहिक निर्णय बताया।



ज्ञात रहे कि राज्यसभा की एक सीट पर उपचुनाव के लिए बुधवार तक तीन नाम चल रहे थे। जिसमें अजित पवार के बेटे पार्थ, ओबीसी नेता छगन भजबल और आनंद परांजपे का नाम शामिल थे। एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल ने फरवरी में उच्च सदन से इस्तीफा दे दिया था। जबकि उनके कार्यकाल में 4 साल थे।

अब इस सीट पर 25 जून को उपचुनाव होना है। इस बीच, इस चुनाव में एनसीपी(अजित पवार) की संभावनाएं मजबूत हैं, क्यों कि गठबंधन के सहयोगी दल शिवसेना और भाजपा उनके उम्मीदवार का समर्थन करेंगे। हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनावों में सुनेत्रा पवार बारामती सीट से अपनी ननद सुप्रिया सुले से हार गईं थीं।

## संसद में गूंजेगा NEET रिजल्ट में गड़बड़ी का मामला

# 'पैसे दो, पेपर पाओ' का खेल जारी... लीक हुए पेपर... धांधली भी हुई: खरगे

■ कांग्रेस ने यह भी की मांग ... सीबीआई या सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हो जांच, एनटीए के महानिदेशक को पद से हटाया जाए

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस ने चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित 'राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा -स्नातक' (नीट-यूजी), 2024 में कथित धांधली को लेकर केंद्र सरकार पर युवाओं का भविष्य बर्बाद करने का आरोप लगाया। पार्टी ने कहा कि 24 जून से आरंभ हो रहे संसद के सत्र के दौरान इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया जाएगा। मुख्य विपक्षी ने यह कहा कि कांग्रेस इस मामले में सीबीआई जांच चाहती है, लेकिन अगर सरकार इसके लिए तैयार नहीं है तो फिर सुप्रीम



कोर्ट की निगरानी में जांच होनी चाहिए। कांग्रेस ने यह मांग भी की है कि एनटीए के महानिदेशक को उनके पद से हटाया जाए। इसके साथ ही पार्टी ने दावा किया है कि नीट परीक्षा की जांच के लिए चल रही मांग के प्रति भाजपा सरकार का रवैया गैरजिम्मेदाराना और असंवेदनशील है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को आरोप लगाते हुए कहा कि परीक्षा केंद्र और कोचिंग सेंटर का गठजोड़ बन गया है, जहां "पैसे दो, पेपर पाओ" का खेल चल रहा है।

खरगे ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि नीट परीक्षा में ग्रेस मार्क्स ही एकमात्र समस्या नहीं थी। इसमें धांधली हुई है, पेपर लीक हुए हैं, भ्रष्टाचार हुआ है। मोदी सरकार के कामों की वजह से नीट परीक्षा में शामिल होने वाले 24 लाख छात्रों का भविष्य दांव पर है।

### ग्रेस मार्क्स क्यों दिए गए: जयराम रमेश



कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सवाल किया कि पहले सैकड़ों छात्रों को ग्रेस मार्क्स (कृपांक) क्यों दिए गए? उन्होंने एक बयान में आरोप लगाया कि 'एक तिहाई प्रधानमंत्री' की सरकार नीट से जुड़े विवाद और इसमें स्पष्ट रूप से हुए घोटाले से बचने की पूरी कोशिश कर रही है। रमेश का कहना था, सरकार ने उच्चतम न्यायालय को आश्वासन दिया है कि 1563 छात्रों को दिए गए ग्रेस मार्क्स रद्द कर दिए जाएंगे। लेकिन सवाल उठता है कि पहले ग्रेस मार्क्स दिए ही क्यों गए? उन्होंने कहा, यह प्रतीत होता है कि पेपर में भौतिकी का एक प्रश्न था जिसमें चार विकल्प दिए गए थे। एनसीईआरटी की कक्षा 12वीं की नई पाठ्यपुस्तक के अनुसार, चार में से एक विकल्प सही था। लेकिन पुरानी पाठ्यपुस्तक के आधार पर दूसरे विकल्प को भी सही माना जा सकता है। जिन छात्रों ने बाद वाले पर टिक लगाया और उनके अलावा जिन छात्रों का पेपर वितरण में देरी आदि के कारण समय बर्बाद हुआ, उन्हें ग्रेस मार्क्स दिए गए।

### अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती मोदी सरकार

खरगे ने कहा, मोदी सरकार अपने कामों की जिम्मेदारी एनटीए के कंधों पर डालकर अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। पूरे नीट घोटाले में कांग्रेस पार्टी सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एक निष्पक्ष जांच की मांग करती है। उन्होंने कहा, जांच के बाद दोषियों को कड़ी-से कड़ी सजा दी जाए और लाखों छात्र-छात्राओं को मुआवजा देकर उनका साल बर्बाद होने से बचाया जाए। पिछले दल सालों में मोदी सरकार ने पेपर लीक और धांधली से करोड़ों युवाओं का भविष्य बर्बाद किया है।

## जरूरी खबर

### यूसुफ पठान को नोटिस, जमीन पर कब्जे का आरोप

**वडोदरा।** गुजरात में भाजपा शासित वडोदरा नगर निगम (वीएमसी) ने जमीन के एक भूखंड पर अतिक्रमण करने के लिए पूर्व भारतीय क्रिकेटर और लोकसभा सांसद यूसुफ पठान को नोटिस जारी किया है। यूसुफ पठान हाल ही में पश्चिम बंगाल की बहरामपुर सीट से तृणमूल कांग्रेस सांसद निर्वाचित हुए हैं। पठान को नोटिस 6 जून को दिया गया था। वीएमसी की स्थायी समिति के अध्यक्ष शीतल मिस्त्री ने बताया कि मामले का खुलासा पूर्व भाजपा नगरसेवक विजय पवार ने किया था। पवार ने आरोप लगाया था कि राज्य सरकार ने 2012 में पठान को भूखंड बेचने के वीएमसी के प्रस्ताव को खारिज कर दिया था, लेकिन नवनिर्वाचित सांसद ने परिसर के चारों ओर दीवार का निर्माण करके भूखंड पर अतिक्रमण कर लिया। वडोदरा के तनाडालजा क्षेत्र में यह भूखंड वीएमसी के स्वामित्व वाला है।

### फिल्म 'हमारे बारह' की रिलीज पर SC की रोक



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अन्नू कपूर की फिल्म 'हमारे बारह' की 14 जून को रिलीज पर रोक लगा दी। शीर्ष अदालत ने उन आरोपों पर संज्ञान लिया कि यह फिल्म इस्लामी आस्था और विवाहित मुस्लिम महिलाओं के लिए अपमानजनक है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने याचिकाकर्ता अजहर बाशा तंबोली की ओर अधिवक्ता फौजिया शकील की दलीलों पर संज्ञान लिया और याचिका पर जल्द फैसला करने को कहा। पीठ ने फिल्म की रिलीज पर रोक लगाते हुए कहा कि हमने सुबह फिल्म का ट्रेलर देखा है और सभी आपत्तिजनक संवाद ट्रेलर में बरकरार हैं।

### जर्मन कंपनी के सहयोग से बनेंगे सोनार सिस्टम

**नई दिल्ली।** एक भारतीय इंजीनियरिंग फर्म सीएफएफ फ्लुइड कंट्रोल लिमिटेड और जर्मनी की रक्षा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी थाइसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स ने एक स्वदेशी परियोजना के लिए 12 स्वदेशी लॉ-फ्रीक्वेंसी वेरिएबल डेप्थ सोनार सिस्टम की आपूर्ति के लिए साझेदारी की है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार सीएफएफ और थाइसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स की सहायक कंपनी एटलस इलेक्ट्रॉनिक के बीच साझेदारी भारतीय नौसेना के अग्रिम मोर्चे के जहाजों की परिचालन क्षमता को बढ़ाने में मददगार होगी।

## गुरुद्वारा पहुंचे केंद्रीय मंत्री जी. किसन रेड्डी



*नई दिल्ली। केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किसन रेड्डी ने गुरुवार को नई दिल्ली में गुरुद्वारा बंगला साहिब पहुंचे और वहां पर मत्था टेका।*

### सात आतंकियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने गुरुवार को उन सात लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया, जो आतंकवादियों के 'स्लीपर सेल' के रूप में काम करने के लिए अतिसंवेदनशील युवाओं को 'मुजाहिदीन' के तौर पर भर्ती करते थे और उन्हें कट्टरपंथी बनाते थे। यह जानकारी एक आधिकारी बयान में कहा गया है कि वे सभी प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) द्वारा 2025 तक भारत के प्रत्येक जिले में 50 ऐसे 'स्लीपर सेल' तैयार करने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा थे। एनआईए की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि स्लीपर सेल भारतीय सैनिकों, पुलिसकर्मियों और विशिष्ट धार्मिक संगठनों के नेताओं पर गुरिल्ला हमले करने के लिए तैयार किए जा रहे थे।

## पीएम मोदी ने डोभाल व शाह के साथ की J&K की स्थिति की समीक्षा

# आतंकवादियों को पूरी क्षमता से दिया जाए जवाब : PM मोदी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर में हाल में हुए आतंकी हमलों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और अन्य अधिकारियों के साथ इस केंद्र शासित प्रदेश की स्थिति की समीक्षा की। उन्हें वहां की सुरक्षा संबंधी स्थिति से अवगत कराया गया।

पीएम मोदी ने आतंकवादियों को पूरी क्षमता के साथ जवाब देने का निर्देश दिया है। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी फोन बात की व आंतकवाद रोधी अभियानों पर चर्चा की। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा से भी बात की और वहां के हालात का जायजा लिया। जम्मू-कश्मीर में पिछले कुछ दिनों में कई आतंकी हमले हुए हैं। आतंकवादियों ने पिछले चार दिनों में रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार स्थानों पर हमले किए हैं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार पीएम मोदी ने चार आतंकवादी हमलों के बाद सशस्त्र बलों की आतंकवाद-रोधी क्षमताओं का पूरा स्पेक्ट्रम तैनात करने के लिए कहा है।



### चार आतंकवादियों के स्केच जारी

इस बीच,बुधवार को डोडा में हुई मुठभेड़ के बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस ने चार आतंकवादियों के स्केच जारी किए। जिनके जिले के भद्रवाह, थाथरी और गंडोह के ऊपरी इलाकों में होने की आशंका है। उनके बारे में जानकारी देने पर प्रत्येक आतंकवादी पर पांच लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया है।

### पीर पंजाल में आतंकी बदल रहे हैं ठिकाने

सूत्रों के अनुसार आतंकी अपने ठिकाने बदल रहे हैं और वे पीर पंजाल श्रेणी के उत्तर से दक्षिण की तरफ शिफ्ट हो गए हैं। पिछले दो साल में आतंकियों ने अपने ठिकानों में यह बड़ा बदलाव किया है। सुरक्षा बल इसको लेकर खासतौर पर चिंतित और अलर्ट है क्योंकि जिस तरह से आतंकियों ने श्रद्धालुओं को निशाना बनाया है, उससे अमरनाथ यात्रा पर आंतकी हमले का खतरा बढ़ गया है। यह यात्रा इसी महीने 29 जून से शुरू होने वाली है, जो 19 अगस्त तक चलेगी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार इन आतंकी हमलों का जायजा लेने के लिए इस सप्ताह की शुरुआत में यूनिफाइड कमांड की एक तत्काल बैठक बुलाई गई थी, जिसमें अमरनाथ यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई।

### कठुआ में फिर दिखे संदिग्ध, 50 हिरासत में

जम्मू कश्मीर में पिछले चार दिनों में हुए आतंकवादी हमलों के बीच सुरक्षाबलों ने विभिन्न जिलों में अपना तलाशी अभियान तेज कर दिया है। इस बीच गुरुवार को एक बार फिर कठुआ के हीरानगर के सैडा सोहल, जम्मू के नरवाल और राजोरी के नौशेरा में संदिग्ध लोग देखे जाने की खबर है। उधर, शिवखोड़ी आतंकी हमले में 50 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

## यौन उत्पीड़न का आरोप

# येदियुरप्पा के खिलाफ गैर जमानती वारंट

**एजेंसी** | बेंगलुरु

बेंगलुरु की एक अदालत ने गुरुवार को कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ पोक्सो एक्ट में एक गैरजमानती वारंट (एनबीडबल्यू)जारी किया है। कर्नाटक में सीआइडी की एसआइटी ने येदियुरप्पा के बुधवार को सवालों का जवाब देने के लिए पेश नहीं होने पर गिरफ्तारी वारंट के लिए पहले फास्ट ट्रैक कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। येदियुरप्पा ने जांच में शामिल होने के लिए थोड़ा समय मांगा है। इस बीच, कर्नाटक के गृह मंत्री और कांग्रेस नेता जी. परमेश्वरा ने कहा है कि अगर जरूरत पड़ेगी तो उन्हें गिरफ्तार भी किया जा सकता है। यदियुरप्पा के एक करीबी ने बताया कि अभी वह दिल्ली में हैं और वापस लौटने के बाद जांच में शामिल होंगे। पुलिस के अनुसार भाजपा के संसदीय दल के सदस्य येदियुरप्पा के खिलाफ पोक्सो एक्ट और आइपीसी की धारा 354ए (यौन उत्पीड़न) के तहत मामला दर्ज किया गया है। 17 साल की लड़की की मां ने उसकी बेटी के यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराते हुए येदियुरप्पा पर आरोप लगाए थे। मां का कहना था कि यह वारदात इसी साल फरवरी में भाजपा नेता के बेंगलुरु के डालर कालोनी स्थित निवास में हुई थी।



### येदियुरप्पा का आरोपों से इनकार

वहीं, येदियुरप्पा ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि वह मामले में कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने केस को रद्द करने और जांच रोकने के संबंध में एक याचिका भी दायर की है।

## भारत की पाकिस्तान-चीन को दो टूक

# J&K व लद्दाख भारत के अभिन्न अंग

**एजेंसी** | नई दिल्ली

चीन और पाकिस्तान ने एक बार फिर से जम्मू और कश्मीर को लेकर बयानबाजी पर भारत ने दोनों देशों को खूब खरी-खरी सुनाई है। भारत ने जोर देकर कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न अंग रहे हैं, हैं और हमेशा रहेंगे। भारत ने चीन और पाकिस्तान के ताजा संयुक्त बयान में जम्मू-कश्मीर के उल्लेख को गुरुवार को दृढ़ता से खारिज कर दिया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग के बीच वार्ता के बाद गत सात जून को बीजिंग में संयुक्त बयान जारी किया गया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को कहा, हमने सात जून को चीन और पाकिस्तान के बीच संयुक्त बयान में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के अनुचित संदर्भों को देखा है। हम ऐसे संदर्भों को स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं। जायसवाल ने कहा, किसी अन्य देश को इस पर टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने संयुक्त बयान में शामिल चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) पर भी कड़ी टिप्पणी की। उन्होंने कहा, इसी संयुक्त बयान में तथाकथित चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के तहत गतिविधियों और परियोजनाओं का भी उल्लेख किया गया है, जिनमें से कुछ भारत के संप्रभु क्षेत्र में हैं, जो पाकिस्तान द्वारा जबरन और अवैध कब्जे में हैं। जायसवाल ने कहा, हम भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर आघात करने वाले इन क्षेत्रों पर पाकिस्तान के अवैध कब्जे को मजबूत करने या वैध बनाने के लिए अन्य देशों द्वारा किए गए किसी भी कदम का दृढ़ता से विरोध करते हैं।



# अगले पांच साल में 50 हजार करोड़ होगा रक्षा निर्यात

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कार्यभार संभालने के बाद नई नरेंद्र मोदी सरकार सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण और घरेलू रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देकर राष्ट्रीय सुरक्षा को और मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करने की बात कही है। सिंह ने अगले पांच सालों का विजन बताया। उन्होंने कहा कि सरकार रक्षा निर्यात को मौजूदा 21,083 करोड़ रुपएसे बढ़ाकर 2028-29 तक 50,000 करोड़ रुपए करने के लिए कड़ी मेहनत करेगी। उन्होंने बताया कि सशस्त्र बलों को अत्याधुनिक हथियारों और प्लेटफार्मों से लैस किया जा रहा है। वे हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं।



*नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद गुरुवार को सीडीएस जनरल अनिल चौहान, सेना अध्यक्ष जनरल मनोज पांडे, वायुसेना अध्यक्ष एयरचीफ मार्शल वीआर चौधरी और नौसेना अध्यक्ष एडमिरल दिनेश त्रिपाठी और अन्य अधिकारियों के साथ 100-दिवसीय योजना बैठक की।*

## जी-7 शिखर सम्मेलन

# PM मोदी इटली दौरे पर, वैश्विक नेताओं से होगी मुलाकात

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी-7 सम्मेलन में शामिल होने के लिए गुरुवार को इटली रवाना हो गए। यह प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल की पहली विदेश यात्रा है।

इटली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। मोदी के साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी दौरे पर साथ गया है। जानकारी के अनुसार पीएम मोदी जी-7 से इतर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात कर सकते हैं। इटली में 13 से 15 जून तक आयोजित होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन में यूक्रेन में चल रहे युद्ध और गाजा में संघर्ष का मुद्दा छाए रहने की उम्मीद है।

पीएम मोदी 14 जून को आउटरीच सत्र में भाग लेंगे, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्य सागर पर केंद्रित होगा। तीन दिनों के सत्र के दौरान विश्व के अग्रणी देशों के नेता मुख्य वैश्विक मुद्दों पर बात करेंगे। सम्मेलन में भाग लेने वाले शीर्ष नेताओं में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो शामिल हैं।



### बहुत अहम है पीएम मोदी का यह दौरा

**इटली की पीएम के साथ द्विपक्षीय बैठक :** पीएम मोदी अपनी यात्रा के दौरान इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे। मार्च 2023 में मेलोनी की भारत यात्रा के बाद पीएम मोदी की दूसरी बैठक होगी।

**जो बाइडेन व अन्य विश्व नेताओं से मुलाकात संभव :** पीएम मोदी की अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन व अन्य विश्व नेताओं से भी मुलाकात हो सकती है।

**टूडो से अभिवादन संभव पर द्विपक्षीय बैठक नहीं :** पीएम मोदी और कनाडा के पीएम जस्टिन टूडो शुक्रवार को जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान आमने-सामने होंगे। संभव है दोनों नेताओं की सम्मेलन से इतर मुलाकात हो। इस दौरान पीएम मोदी टूडो के सामने कनाडा में भारत विरोधी तत्वों को राजनीतिक पनाह का मसला उठा सकते हैं।

### मेलोनी ने किया था आमंत्रित

बता दें कि प्रधानमंत्री ने 25 अप्रैल को मुक्ति दिवस की 79वीं वर्षगांठ के अवसर पर इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से टेलीफोन पर बातचीत की थी। इस दौरान मोदी ने जी-7 शिखर सम्मेलन आउटरीच सत्र में आमंत्रित करने के लिए प्रधानमंत्री मेलोनी को धन्यवाद दिया था।

### क्या है जी-7

जी-7 एक अनौपचारिक वैश्विक मंच है। जिसमें इटली, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, जापान, ब्रिटेन और अमेरिका शामिल हैं। यूरोपीय संघ भी बैठक में भाग लेता है। 1973 के ऊर्जा संकट के जवाब में आर्थिक और वित्तीय सहयोग के लिए एक मंच के रूप में जी-7 की स्थापना की गई थी। शिखर सम्मेलन में सात सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्ष और सरकार के प्रमुख, यूरोपीय संघ के प्रतिनिधि और अध्यक्ष द्वारा आमंत्रित देश और संगठन भाग लेते हैं।

### केरल: पूर्व DGP के खिलाफ जांच का आदेश

**कोच्चि।** विवादास्पद सूर्यनेल्ली मामले में दुष्कर्म पीड़िता की पहचान उजागर करने पर पूर्व डीजीपी सिबी मैथ्यूज के खिलाफ केरल हाईकोर्ट ने गुरुवार को राज्य पुलिस को जांच शुरू करने का आदेश दिया है। जस्टिस ए बदहरुदीन ने तिरुवनंतपुरम में मन्ननथला पुलिस को सूर्यनेल्ली मामले के जांच अधिकारी केके जोशुआ की ओर से दायर शिकायत पर विचार करने का निर्देश दिया। शिकायत के अनुसार, मैथ्यूज ने अपनी लिखी गई एक किताब में 1996 के दुष्कर्म मामले में पीड़िता की पहचान का खुलासा कर दिया था। अदालत ने तिरुवनंतपुरम शहर के पुलिस आयुक्त की रिपोर्ट को भी खारिज कर दिया।

## रामबाग गोल्फ क्लब के प्रथम ग्रीष्मकालीन गोल्फ कोचिंग कैम्प का समापन

# अरिहंत जूनियर बॉयज में और अमायरा भंडारी गर्ल्स में विनर

**बेधड़क** | जयपुर

जब सम्मान और प्रोत्साहन मिला तो गोल्फर्स के चेहरे खिल उठे। ये थे रामबाग गोल्फ क्लब में आयोजित प्रथम ग्रीष्मकालीन गोल्फ कोचिंग कैम्प प्रतियोगिता के प्लेयर्स, जिनको समापन पर ट्रॉफी दी गई। गोल्फ कैम्प के अंतिम दिन आयोजित हुई प्रतियोगिता में अरिहंत दोशी जूनियर बॉयज और जूनियर गर्ल्स में अमायरा भंडारी विजेता रहे। सभी प्रतियोगियों को रामबाग गोल्फ क्लब के मानद सचिव हेम सिंह खंगारोत, कार्यकारिणी सदस्य अजय सिंह खींची और शिविर के कॉर्डिनेटर व मुख्य कोच ऋषिराज सिंह राठौड़ द्वारा पुरस्कृत किया गया। रामबाग गोल्फ क्लब के कप्तान शिरीष सचेती ने बताया कि क्लब में द्वितीय ग्रीष्मकालीन गोल्फ कैम्प 13 जून से शुरु हुआ है जो 29 जून तक आयोजित किया जाएगा।





### आयु वर्ग में ये रहे विजेता

प्रतियोगिता के अन्य आयु वर्ग श्रेणियों में विजेता आयु 7 से 10 वर्ष श्रेणी में रूद्र ललित शर्मा व आरव खन्ना (बॉयज) और अमायरा भण्डारी व सिया ओझा (गर्ल्स) विजेता रहे। आयु 11 से 15 वर्ष श्रेणी में अरिहंत दोशी व जैतन्य (बॉयज) और वृन्दा (गर्ल्स) विजेता रहीं तो आयु 16 व ऊपर श्रेणी में उज्जवल, अभिज्ञान दोशी व जतिन दोशी (बॉयज) और महक व हृदयांशी (गर्ल्स) विजेता रहीं। ट्रेनिंग के दौरान गोल्फर्स ने शॉट्स लगाना सीखा और कोच के साथ देखने वालों को प्रभावित किया। फिर एक समारोह में उनको ट्रॉफीज और मैडल्स दिए गए।

### समझाए रूल्स एंड रेगुलेशन

उन्होंने बताया कि कैम्प के दौरान सभी प्रतिभागी बच्चों को गोल्फ से संबंधित सभी रूल्स रेगुलेशन के बारे में जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त बच्चों को चिपिंग, पटिंग व फुल स्विंग सिखाई गई। बच्चों को मुख्य कोच ऋषिराज सिंह राठौड़ के साथ अन्यों ने प्रशिक्षण दिया।

## नई स्वास्थ्य यूनिट से मिलेगी राहत



**बेधड़क. जयपुर।** जगतपुरा स्थित स्टाफ कॉलोनी, रेलवे ऑफिसर कॉलोनी व आसपास निवास करने वाले सैकड़ों रेलकर्मियों व उनके परिवारों के लिए स्वास्थ्य यूनिट की शुरुआत की गई। यूनिट में लाभार्थियों को बहिरंग विभाग में विशेषज्ञ चिकित्सकों फिजिशियन, चर्म रोग, स्त्री रोग, शिशु रोग सहित फिजियोथेरेपि विभाग तथा दंत विभाग व खून जांच की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। शुभारंभ समारोह में प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. पीसी मीना ने महाप्रबंधक का स्वागत किया। महाप्रबंधक ने रेल निकुंज जगतपुरा जयपुर उपरे में नवनिर्मित स्वास्थ्य यूनिट का अवलोकन किया।

## सौम्या ने जीता टाइटल



**बेधड़क. जयपुर।** हाल ही में दिल्ली के घिटरोनी में स्थित ब्रूकवुड गार्डन में लोहिया प्रोडक्शन की ओर से मिस्टर, मिसेज, मिस एंड किड्स ग्लोरियस इंडिया टॉप मॉडल सीजन-3 का आयोजन किया गया। मनीष लोहिया के कार्यक्रम का उद्देश्य मॉडल्स को बढ़ावा देना और मंच प्रदान करना रहा। वहीं, शो में-अलग अलग राज्यों से आए प्रतिभागियों ने रैंप पर प्रतिभा का जलवा दिखाया। इसी क्रम में जयपुर निवासी व मॉडल सौम्या राजोरिया ने इस शो में पार्टिसिपेट किया और मिस कैटेगरी में विनर का टाइटल क्राउन जीता। प्रोग्राम में बतौर जूरी मेम्बर क्रमिक यादव, कनिश यादव, जिया पांडे, मजहर रिजवी उपस्थित हुए जिन्होंने सूझ-बूझ के साथ सभी प्रतिभागियों का चयन किया।

## बच्चों को दिया कथक का प्रशिक्षण



**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केंद्र में चल रहे जूनियर समर कैंप में लोक नृत्य, कथक नृत्य, तबला विभिन्न विधाओं के प्रशिक्षण में युवाओं ने उत्साह दिखाया। प्रशिक्षण दे रहे हैं लोक नृत्य नृत्य गुरु दिवाकर राजेंद्र जडेजा ने युवाओं को कला की बारीकियां बताई और बच्चों ने उनसे क्लासिकल डांस के बारे में जानकारी ली।

## City इवेंट्स

### स्वर मीमांसा मोहन वीणा वादन आज



**बेधड़क. जयपुर।** रंगशिल्प व भवनम सुरुचि केंद्र की ओर से शुक्रवार को विद्याश्रम में स्वर मीमांसा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। रंगशिल्प के सचिव राजेंद्र शर्मा ने बताया कि स्वर मीमांसा कार्यक्रम के तहत पं. आलोक भट्ट मोहन वीणा वादन करेंगे। उनके साथ तबले पर महेंद्र शंकर डांगी संगत करेंगे। कार्यक्रम से पूर्व रंगकमी ईश्वर दत्त माथुर पं. आलोक भट्ट से सार्थक संवाद कर उनके संगीत जीवन पर चर्चा कर करेंगे।

### कल मनाया जाएगा रक्तदाता दिवस

**बेधड़क. जयपुर।** विश्व रक्तदाता दिवस इस बार डब्लूएचओ की ओर से भागीदारों और समुदाय के साथ 'दान का जश्न मनाने के 20 साल: रक्तदाताओं का धन्यवाद' थीम पर शुक्रवार को मनाया जाएगा। स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक की ओर से राजस्थान हॉस्पिटल में रक्तदाता जागरुकता पोस्टर का विमोचन किया जाएगा। साथ ही रक्तदान करने वाले योद्धाओं का धन्यवाद कार्यक्रम होगा। स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक के मानद सचिव डॉ. एस एस अग्रवाल ने बताया कि वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (डब्लूएचओ) की ओर से साल 2004 में पहली बार वर्ल्ड ब्लड डोनर डे मनाने के बारे में विचार किया था। अगले साल वर्ल्ड हेल्थ असेंबली के 58वें महासभा में ब्लड डोनेट करने के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए 14 जून को हर साल दुनिया भर में वर्ल्ड ब्लड डोनर डे के तौर पर मनाने का निर्णय लिया गया।

### ग्रीनरी के लिए किया पौधोरोपण




बेधड़क, जयपुर। जयपुराइट्स और टीम 10 ट्री एंबुलेंस विद्याधर नगर ने ग्रीनरी लाने का प्रयास किया। स्टेडियम से पापड़ वाले हनुमानजी की ओर जाने वाली रोड साइड ग्रीन बेल्ट में पौधारोपण और श्रमदान किया। दूसरे ग्रुप ने दीवारों पर और रेलिंग पर रंग किया तो कॉलोनी के बड़े लोहे के गेट पर ऑयल पेंट किया गया और सीमेंट की बेंच पर ऑयल पैंट किया। वहीं, टैंकर्स से पौधों और पेड़ों में पानी डाला गया और साफ-सफाई की गई।

## रवींद्र मंच के मिनी थिएटर में नाटक का मंचन

# 'गरीबों की सिर्फ बातें होती हैं...' में किया व्यवस्था पर प्रहार



**बेधड़क** | जयपुर

रंगदृष्टि संस्था की ओर से खुशवंत सिंह के लिखे और विनोद कुमार जोशी निर्देशित नाटक टाइगर का मंचन रवींद्र मंच मिनी थिएटर में किया गया। खुशवंत सिंह की पुस्तक 'नोट ए नाइस मन तो नो' में इसे पहली बार सम्मिलित किया गया। कहानी में जंगल के बीच बने सरकारी रिसॉर्ट में अलग अलग संस्कृति के लोग आते हैं। रिसॉर्ट में सबसे पहले एक हिप्पी ब्रिटिश लड़का मिस्टर जैक स्मिथ आता है, जहां उसे यशमीन रिसेप्शन पर मिलती है जो पहले एयर हॉस्टेस थी। उसके बाद एक अमेरिकी कपल आता है। वहीं पर नियुक्त आईएएस माथुर रिसॉर्ट की व्यव्यस्था देखने आता है। श्याम नगर के महाराजा अपने देश के सरकारी रिसॉर्ट और जंगल का आनंद लेने आते हैं। उसी दौरान पास के गांव में एक टाइगर किसी औरत को उठा ले जाता है। इस प्रकार कहानी धीरे-धीरे आगे बढ़ती है। नाटक में समीर राजपूत, वंदना शर्मा, यश जाटावत, भूमिका शर्मा, विशाल बैरवा, मनमोहन सिंह, देवांश शर्मा, राहुल यादव ने अभिनय किया।

## अक्षय पात्र फाउंडेशन की अनूठी पहल

# कारागृहों में दिया जा रहा है शुद्ध खाना बनाने का प्रशिक्षण



**बेधड़क** | जयपुर

राज्य के कारागृहों में अक्षय पात्र फाउंडेशन की ओर से गुणवत्तापूर्ण खाना बनाने का अनूठा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राजस्थान के अधिकतर केंद्रीय व जिला कारागृहों में अक्षय पात्र संस्था की ओर से निरुद्ध बंदियों के लिए रसोईघर को हाइजीनिक व स्वचालित बनाने, स्वच्छ व पोष्टिक खाना बनाने, खाना वितरण व गुणवत्ता पूर्ण खाना बनाने के लिए 4 दिवस का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इससे निरुद्ध बंदियों को अच्छा, साफ-सुथरा व पौष्टिक भोजन प्राप्त होता रहे।

संस्था उपाध्यक्ष रघुपति दास ने बताया कि हाल ही में जयपुर सेंट्रल जेल से राज्य के नोडल अधिकारी जयवर्धन सिंह द्वारा अपनी टीम सहित अक्षय पात्र जयपुर की मेगा रसोई घर का अवलोकन किया गया है तथा उनके निर्देशानुसार संस्था द्वारा राज्य के जिलों में स्थित सभी जेल में प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जयपुर व झालावाड़ में यह ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित किया जा चुका है तथा शीघ्र ही सभी जेलों में आयोजित किया जाएगा।

## जयपुर रनर्स क्लब | तीसरी कार्यकारिणी में प्रवीण तिजारिया बने अध्यक्ष

# रनर्स को टी-शर्ट और बैज देकर किया गया सम्मानित

**बेधड़क** | जयपुर

मैं अकेला ही चला था जानिब-ए-मंजिल मगर, लोग साथ आते गए और कारवां बनता गया। कुछ ऐसी ही कहानी रही जयपुर रनर्स क्लब की जिन्होंने जयपुर के लोगों को रेगुलर रनिंग करना सिखाया। 2011 में केवल दो लोगों से जयपुर रनर्स की शुरुआत हुई।

अब तक इस परिवार में 1100 लोग जुड़ चुके हैं। जयपुर रनर्स क्लब ने गुलाबी नगरी के लोगों को रनिंग कल्चर दिया है। अब जयपुर रनर्स क्लब की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें प्रवीण तिजारिया को संगठन का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। हेल्थ अवेयरनेस के लिए जयपुर शहर में 10 जोन बनाए गए हैं और 25 से अधिक जोनल डायरेक्टर बनाए गए।




### स्वच्छता का संदेश देने की हुई बात

एमआई रोड स्थित एक होटल में हुए कार्यक्रम में जयपुर रनर्स क्लब की नई कार्यकारिणी व जोनल डायरेक्टर्स ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। कार्यकारिणी साल 2024-26 के लिए बनाई है। इस मौके पर जयपुर हेरिटेज सांसद मंजू शर्मा, जयपुर नगर निगम के डिप्टी मेयर पूनित कर्णावत, समाजसेवी पंडित सुरेश मिश्रा, जेआरसी की पूर्व अध्यक्ष डॉ. साधना आर्य, जयपुर रनर्स फाउंडर रवि गोयनका व मुकेश मिश्रा सहित कार्यकारिणी अधिकारी व अन्य सदस्य मौजूद रहे। सांसद मंजू शर्मा और डिप्टी मेयर पुनित कर्णावत ने शहर में रनिंग कल्चर को बढ़ावा देने के साथ स्वच्छता का संदेश देने की बात कही।

### जोनल डायरेक्टर की जिम्मेदारी सौंपी

जवाहर सर्कल जोन से विष्णु टांक, दिनेश चौधरी, नितिका चौधरी, पूजा भार्गव, रितिका चौधरी व प्रदीप यादव को जोनल डायरेक्टर की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसी तरह से मानसरोवर जोन से रेखा विजय, राकेश विजय, सुनिल गौर, उमेश सैनी व अंकित गुप्ता, सेंट्रल पार्क से दिनेश सोनी, दिनेश भगनानी, स्मिथ व निशांत स्वामी, विद्याधर नगर से आशीष गुप्ता, रुपेंद्र गुप्ता व राजेश शर्मा, जल महल से कमल कट्टा, सरोज शर्मा व गौतम कपूर, महेश नगर से डॉ. सतीश गुप्ता व रचना विजय, श्याम नगर से नरेंद्र कुशवाहा व सुधा खंडेलवाल, जगतपुरा से रोहन मिश्रा, वैशाली नगर से राजेश कुमार व प्रवीण मक्कड़ और कालवाड़ जोन से रेणुका जोशी व पूजा शर्मा को जोनल डायरेक्टर बनाया गया।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, शुक्रवार, 14 जून, 2024





महान लक्ष्य के लिए किया गया कोई भी बलिदान व्यर्थ नहीं जाता है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### कुवैत अग्निकांड में अब तक 45 भारतीयों ने गंवाई जान

# एयरफोर्स के विमान से भारत लाए जाएंगे शव

**एजेंसी** | कुवैत सिटी

कुवैत के मंगाफ शहर की एक इमारत में आग लगने से 45 भारतीयों की मौत ने पूरी दुनिया को हिला दिया है। इस इमारत में बड़ी संख्या में प्रवासी मजदूर रहते थे। कई शव इतने खराब हालात में हैं कि उनके शिनाख्त में भी परेशानी आ रही है। डीएनए टेस्ट से शवों की पहचान की जा रही है। इस बीच कुवैत के अमीर मिशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबाह ने बड़ा दिल दिखाते हुए मृत भारतीय नागरिकों के शवों को उनके वतन वापस भेजने के लिए विमान तैयार करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही उन्होंने मृतकों के प्रति गहरी सहानुभूति और समर्थन के संकेत के रूप में उनके परिवारों को वित्तीय सहायता देने का भी ऐलान किया है। कुवैत के आंतरिक मंत्री शेख फहद अल-यूसेफ ने इस निर्देश की पुष्टि की है। वहीं शवों को वापस लाने के लिए भारतीय वायुसेना का एक विमान तैयार है।

प्रथम उप प्रधान मंत्री, आंतरिक मंत्री और रक्षा मंत्री शेख फहद अल-यूसेफ ने बताया कि अधिकारियों ने 48 शवों की पहचान की है, जिनमें से 45 भारतीय राष्ट्रीयता के हैं और 3 फिलिपिनो राष्ट्रीयता के हैं। अंतिम शव की पहचान निर्धारित करने के लिए अभी भी प्रयास जारी हैं। अन्य घटनाक्रमों में शेख फहद अल-यूसेफ ने खुलासा किया कि संपत्ति के उल्लंघन को संबोधित करने के लिए जल्द ही नया कानून पेश किया जाएगा। नगर पालिका मंत्री के सहयोग से ये नियम बिना किसी पूर्व चेतावनी के उल्लंघनों को तुरंत हटाने में सक्षम होंगे। उम्मीद है कि अगले दो सप्ताह में यह कानून लागू हो जाएगा।

## आग में बुरी तरह जले शव, DNA से पहचान





### भारतीय विदेश राज्य मंत्री ने घायलों से की मुलाकात

भारतीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह हाल ही में हुई आग की घटना में घायल हुए भारतीय नागरिकों से मिलने के लिए पहुंचे। उन्होंने मुबारक अल कबीर अस्पताल का दौरा किया, जहां सात घायल भारतीय भर्ती हैं। कीर्ति वर्धन सिंह ने कुवैत के विदेश मंत्री अब्दुल्ला अली अल-याह्या से मुलाकात की। कुवैत में भारतीय दूतावास ने कहा कि अल-याह्या ने मेडिकल सहायता, शवों को जल्द से जल्द वापस भेजने और घटना की जांच सहित पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया है। कीर्ति वर्धन सिंह ने उन्हें भारत सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।

### कुवैती मंत्री ने मकान मालिकों को दी चेतावनी

मंत्री ने संपत्ति मालिकों से कई कॉल प्राप्त होने का भी उल्लेख किया, जिसमें उनकी संपत्तियों पर उल्लंघनों को दूर करने के लिए 48 घंटे का समय मांगा गया है। इन अनुरोधों के बावजूद, शेख फहद अल-यूसेफ ने जोर देकर कहा कि प्रवर्तन अभियान बिना किसी रुकावट के जारी रहेंगे।

### जान गंवाने वाले अधिकांश भारतीय केरल से

कुवैत के प्रथम उप प्रधान मंत्री और रक्षामंत्री शेख फहद अल-यूसुफ अल-सबाह ने कहा कि अधिकारियों ने 48 शवों की पहचान की है, जिनमें से 45 भारतीय और तीन नागरिक फिलिपींस के हैं। उन्होंने कहा कि एक शेष शव की पहचान करने के प्रयास अभी भी जारी हैं। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में जान गंवाने वाले अधिकांश भारतीय पीड़ित केरल से हैं।


**मृतक नागरिकों के परिवारों को 2 लाख की अनुग्रह राशि देने की घोषणा:** प्रधानमंत्री मोदी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर, एनएसए अजीत डोभाल, विदेश सचिव विनय क्वात्रा और प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा सहित अन्य के साथ बैठक कर स्थिति की समीक्षा की। बैठक के बाद पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतक भारतीय नागरिकों के परिवारों को 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की और निर्देश दिया कि सरकार को हर संभव सहायता प्रदान करनी चाहिए।

### अर्जेंटीना: पेट्रोल बम फेंके, पुलिस ने किया पेपर स्प्रे इस्तेमाल

# संसद में आर्थिक सुधार बिल पारित, बाहर विरोध प्रदर्शन

**एजेंसी** | ब्यूनस आयर्स

अर्जेंटीना की सीनेट ने आर्थिक सुधार बिल पारित कर दिया। यह बिल राष्ट्रपति जेवियर मिलेई की आर्थिक सुधार योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण है, जबकि इस बिल के विरोध में प्रदर्शनकारियों ने कांग्रेस के बाहर सड़कों पर आगजनी की और पुलिस के साथ झड़प की। सांसदों ने 11 घंटे की चर्चा के बाद बुधवार देर रात 36 के मुकाबले 37 मतों से सुधार विधेयक को मंजूरी दे दी। इस कानून के प्रति तीव्र प्रतिक्रिया और अर्जेंटीना की कांग्रेस (संसद) में विधेयकों को लेकर पक्ष और विरोध में समान मत पड़ने के बाद उप राष्ट्रपति और सीनेट की सभापति विक्टोरिया विलारुएल ने एजेंडे के पक्ष में निर्णायक मतदान किया। यह कानून ऊर्जा, पेंशन, सुरक्षा और अन्य क्षेत्रों में राष्ट्रपति को व्यापक अधिकार प्रदान करता है। इसमें कई ऐसे उपाय शामिल हैं जिन्हें विवादास्पद माना जाता है, जिसमें विदेशी निवेशकों के लिए एक उदार प्रोत्साहन योजना, अघोषित संपत्ति वाले लोगों के लिए कर माफी और अर्जेंटीना की कुछ सरकारी स्वामित्व वाली कंपनियों के निजीकरण की योजना शामिल है। यह विधेयक लंबी बहस के बाद पारित हो गया तथा अब सीनेटरों को पैकेज के प्रत्येक अनुच्छेद पर मतदान करना है, जिसका उद्देश्य राज्य संस्थाओं का निजीकरण करके तथा व्यवसायों को प्रोत्साहन प्रदान करके निवेश को बढ़ावा देना है।



### अर्थव्यवस्था को सुधार के लिए बिल

अर्जेंटीना की खस्ता हाल अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए दक्षिणपंथी राष्ट्रपति जेवियर मिलेई ने संसद में एक बिल पेश किया है। इसके तहत देश में आर्थिक इमरजेंसी की स्थिति घोषित करने की बात कही गई है। इसके अलावा पेंशन में कटौती और श्रम अधिकारों को कम करने का प्रावधान भी रखा गया है। इस प्रस्ताव का वामपंथी राजनीतिक दल, लेबर यूनियन और सामाजिक संगठन विरोध कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि यह बिल देश को 100 साल पीछे ले जाएगा।

**अर्जेंटीना में महंगाई दर 300 फीसदी :** अर्जेंटीना में महंगाई दर 300 प्रतिशत पहुंच चुकी है। जैसे-जैसे लागत बढ़ रही है, देश में गरीबी भी बढ़ती जा रही है। पिछले साल नवंबर में हुए एक सर्वे के मुताबिक देश में 40 फीसदी से ज्यादा आबादी गरीब है। राष्ट्रपति का दावा है कि नए सुधारों से महंगाई दर काबू में आएगी।

### विरोध में सड़कों पर उतरे लोग

अर्जेंटीना में राष्ट्रपति जेवियर मिलेई के आर्थिक सुधार बिल के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन जारी है। सीनेट में बिल पेश होने के साथ ही राजधानी ब्यूनस आयर्स में लोग सड़कों पर उतर गए हैं। लोगों ने कांग्रेस (संसद) के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस ने उन्हें हटाने के लिए आंसू गैस, रबर बुलेट और वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया। प्रदर्शनकारियों ने पेट्रोल बम फेंके और पत्थरबाजी भी की। इस दौरान पुलिस की एक गाड़ी में तोड़फोड़ कर उसे आग के हवाले कर दिया गया। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने 'देश बिकाऊ नहीं है' का नारा भी लगाया। प्रदर्शनकारियों ने बाड़ों को पार कर संसद में घुसने की कोशिश भी की। उन्होंने सुरक्षा अधिकारियों पर पत्थर फेंके। इस पर अफसरों ने उन्हें हटाने के लिए मिर्ची के स्प्रे का इस्तेमाल किया। प्रदर्शन में विपक्ष के कई सांसदों ने भी हिस्सा लिया। झड़प के दौरान 20 पुलिसकर्मी समेत की लोग घायल हुए। वहीं पुलिस ने 18 लोगों को गिरफ्तार किया। घायल सांसदों को भी इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### कार्यकर्ताओं के खिलाफ दर्ज हुए थे 42 मामले

# आजादी मार्च केस में इमरान को मिली राहत

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को एक और मामले में राहत मिली है। इस्लामाबाद की एक सत्र अदालत ने गुरुवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान और पार्टी के वरिष्ठ नेता शाह महमूद कुरैशी को आजादी मार्च मामले में बरी कर दिया है।



इससे पहले इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने इमरान खान को साइफर केस में बरी कर दिया था। उन्हें इस साल जनवरी में साइफर केस में 10 साल की सजा सुनाई गई थी।

आजादी मार्च इमरान खान की ओर 25 मई 2022 को निकाला गया था। पुलिस ने लोगों को एकत्र होने से रोकने के लिए धारा 144 लागू किया था। मार्च में शामिल लोगों के खिलाफ पुलिस ने बल प्रयोग भी किया था।

मार्च के दौरान पुलिस और पीटीआई नेता के बीच झड़प के बाद आंदोलन के लिए पीटीआई के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ पुलिस ने 42 मामले दर्ज किए थे। पुलिस ने पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान पर भी केस दर्ज किया था।




### वैज्ञानिकों का दावा

# अमेरिका: मंडराता महाभूकंप का खतरा

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

अमेरिका के पश्चिमी तट पर महाभूकंप का बड़ा खतरा मंडरा रहा है। वैज्ञानिकों की नई स्टडी के अनुसार, वैंकूवर, सिएटल, वॉशिंगटन, ओरेगॉन और सैन फ्रांसिस्को पर 9 या उससे ज्यादा तीव्रता का भूकंप आने की संभावना है। यह महाभूकंप कैलिफोर्निया के सैन एंड्रियास फॉल्ट लाइन से कहीं ज्यादा शक्तिशाली हो सकता है और इससे भारी तबाही हो सकती है। वैज्ञानिकों की स्टडी के मुताबिक, अमेरिका के पश्चिमी तट पर समुद्र के अंदर एक फॉल्ट लाइन है, जिसे कैसकेडिया सबडक्शन जोन कहते हैं। यह फॉल्ट लाइन 600 मील (लगभग 966 किलोमीटर) लंबी है और दक्षिणी कनाडा से उत्तरी कैलिफोर्निया तक फैली हुई है। वैज्ञानिकों को आशंका है कि यह फॉल्ट लाइन किसी भी दिन भयानक भूकंप और सुनामी ला सकती है। कैसकेडिया सबडक्शन जोन की विशेषता यह है कि यह चार टुकड़ों में बंटा हुआ है, जबकि आमतौर पर फॉल्ट लाइन दो हिस्सों में बंटी होती है। इस फॉल्ट लाइन की जरा सी भी हलचल से बड़े पैमाने पर भूकंप और सुनामी आ सकती है। वैज्ञानिकों का मानना है कि इस फॉल्ट लाइन में इतनी ताकत है कि यह 9 या उससे ज्यादा तीव्रता का भूकंप ला सकती है। यदि 9 तीव्रता का भूकंप आता है तो इसका असर विनाशकारी होगा। इसके बाद 100 फीट या उससे ज्यादा ऊंची सुनामी लहरें उठेंगी, जिससे 10 हजार लोगों के मारे जाने की आशंका है। सिर्फ ओरेगॉन और वॉशिंगटन में 80 बिलियन डॉलर (लगभग 6.68 लाख करोड़ रुपए) से ज्यादा का नुकसान होगा। इसके अलावा, जमा पानी की वजह से फैलने वाली बीमारियों से भी कई मौतें हो सकती हैं।

### 500 साल में आता है एक बार महाभूकंप



2011 में जापान में इसी तरह की फॉल्ट लाइन की वजह से 9 तीव्रता का भूकंप और सुनामी आई थी, जिससे करीब 20 हजार लोग मारे गए थे। वैज्ञानिकों को चिंता है कि कैसकेडिया सबडक्शन जोन की वजह से भी कुछ ऐसी ही तबाही आ सकती है। आमतौर पर इस जोन में हर 500 साल में इतना बड़ा भूकंप आता है।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।